तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स

हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता

मो. 94255-32524,94241-43922

पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 37 अंक 38 कोरबा, शनिवार, दिनांक 08 नवंबर 2025 डाक 09 नवंबर 2025 पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

विविधा

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक वर्ष लंबे समारोह के उद्घाटन के अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट जारी किया

देश-विदेश

सीएम योगी ने विपक्ष को घेरा बोले-नौकरी के बहाने नौजवानों की जमीन हड़प लेते थे

कोरिया पेज

सियान सदन के साथ विकास का उपहार मिला दो वार्डों को

भारत रत्न आडवाणी का जीवन के 98वें वसंत में प्रवेश, पीएम मोदी ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली। देश के पूर्व गृह मंत्री और भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी आज 98 वर्ष के हो गए। जीवन के 98वें वसंत में प्रवेश करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। एक्स पर लिखे पोस्ट में पीएम मोदी ने आडवाणी के लिए अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। आज यानी आठ नवंबर को 98 वर्ष के हुए आडवाणी को जन्मदिन की बधाई देते हुए पीएम मोदी ने उन्हें दूरदर्शी, विद्वान और स्टेट्समैन बताया। उन्होंने कहा कि आडवाणी का जीवन देश के विकास को मजबूत करने को समर्पित रहा है। पीएम मोदी ने देश के पूर्व गृह मंत्री आडवाणी के व्यक्तित्व का उल्लेख करते हुए कहा, उन्होंने सदैव निस्वार्थ कर्तव्य और अटल सिद्धांतों की भावना को अपनाया है। उनके योगदान ने भारत के लोकतांत्रिक और सांस्कृतिक परिदृश्य पर अमिट छाप छोड़ी है। ईश्वर उन्हें उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करे। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से आडवाणी को साल 2024 में सम्मानित किया गया था। इससे पहले साल 2015 नें उन्हें भारत के दूसरे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। आडवाणी सबसे ज्यादा समय तक भाजपा अध्यक्ष रहे हैं।

भाजपा नेता की ड्डगोली मारकर हत्या बदमाशों ने सोते समय उतारा मौत के घाट

सहारनपुर। भाजपा के अंबेहटा मंडल उपाध्यक्ष की बीती देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। गांव टीडौली निवासी और भाजपा के अनुसूचित मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुशील कोरी ने बताया कि उनके पिता 65 वर्षीय धर्म सिंह कोरी रात्रि में घर में सो रहे थे।सुबह जब उनकी पत्नी सुनीता ने देखा कि उनके पिता की चारपाई के पास खून बह रहा है तो उसने शोर मचाया। शोर सुनकर सभी भाई घेर में आ गए और देखा कि उनके पिताजी के माथे में गोली मारकर हत्या कर दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक के बड़े पुत्र सुमित ने बताया कि रात्रि में लगभग 2 बजे कुत्तों के भौंकने की आवाज आई और पटाखे जैसी आवाज भी आ रही थी, चूंकि गांव में दो शादियां थी और उसमें आतिशबाजी हो रही थी। आतिशबाजी की आवाज समझ कर ही स्वजन घर में ही लेटे रहे।सुबह घेर में पहुंचने पर घटना का पता लगा।

हाथरस में गोरखधाम एक्सप्रेस का इंजन हुआ फेल, यात्रियों में मची अफरा-तफरी

हाथरस। गोरखधाम एक्सप्रेस हाथरस जंक्शन स्टेशन से निकली, तो करीब एक किलोमीटर की दूरी पर जाकर उसका इंजन फेल हो गया। इससे ट्रेन रास्ते में खड़ी हो गई। ट्रेन के रुक जाने से यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। करीब तीन घंटे बाद ट्रेन दिल्ली की ओर रवाना हुई।उत्तर मध्य रेलवे के हाथरस जंक्शन स्टेशन से गोरखपुर धाम एक्सप्रेस आगे चली उसका इंजन फेल हो गया। यह ट्रेन मुख्य ट्रैक पर आते ही खड़ी हो गई। इससे यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल मौके पर पहुंच गए। ट्रेन को स्टेशन पर लाया गया। बाद में दूसरा इंजन मंगाकर ट्रेन को दिल्ली की ओर रवाना किया गया।ट्रेन सुबह करीब चार बजे की घटना है। इस ट्रेन के मुख्य ट्रैक पर खड़े हो जाने से पीछे से आ रहीं कई एक्सप्रेस ट्रेन निर्धारित समय से लेट हो गईं। उन्हें कंट्रोल द्वारा सूचना देकर पोरा, जलेसर रोड सहित नजदीकी स्टेशनों पर रोक दिया गया। आरपीएफ के थाना प्रभारी डीपी सिंह ने बताया कि दूसरा इंजन आने के बाद ट्रेन का रवाना कर दिया गया।

देश को समर्पित की चार वंदे भारत ट्रेन

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा लोगों को तीव्रगामी परिवहन सुविधा देना आज की आवश्यकता

वाराणसी 08 नवंबर [एजेंसी]।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने ससंदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने वाराणसी से 4 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई है।

यह चारों ट्रेनें देश के अलग-अलग कोनों को आपस में जोड़ने में अहम भूमिका निभाएंगी। 4 नई वंदे भारत ट्रेनें वाराणसी से खजुराहो, लखनऊ से सहारनपुर, फिरोजपुर से दिल्ली और बेंगलुरु से एर्नाकुलम के बीच चलेंगी। इससे न सिर्फ इन स्टेशनों के बीच की दूरी कम हो जाएगी बल्कि, पर्यटन और अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। वंदे भारत ट्रेन से यूपी के वाराणसी से एमपी के खजुराहो के बीच की दूरी 2 घंटे 40 मिनट तक कम हो जाएगी। यह ट्रेन वाराणसी से प्रयागराज और चित्रकूट होते हुए खजुराहो पहुंचेगी। इन सभी शहरों को देश के जाने-माने तीर्थ स्थलों में गिना जाता है। वहीं खजुराहो का नाम यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल की लिस्ट में शुमार है। वंदे भारत ट्रेन से लखनऊ और सहारनपुर का सफर 7 घंटे 45 मिनट में तय किया जा सकेगा। इससे लगभग 1 घंटे की बचत होगी। यह ट्रेन लखनऊ से सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद और बिजनौर के रास्ते सहारनपुर तक जाएगी। इस रूट को भविष्य में रुड़की के रास्ते उत्तराखंड के हरिद्वार से जोड़ा जाएगा। राजधानी दिल्ली से पंजाब के फिरोजपुर के बीच भी वंदे भारत ट्रेन चलाई गई है। इस ट्रेन से दोनों शहरों के बीच का सफर 6 घंटे 40 मिनट में तय किया जा सकेगा।

इससे पंजाब में पर्यटन को बल मिलेगा और दिल्ली से पंजाब की दूरी काफी कम हो जाएगी। यह ट्रेन फिरोजपुर के अलावा पंजाब के पटियाला और बठिंडा जैसे कई बड़े शहरों से होकर गुजरेगी। पीएम मोदी ने दक्षिण भारत को भी वंदे भारत ट्रेन की सौगात दी है, जो कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से केरल के एर्नाकुलम तक दौड़ेगी। इससे दोनों शहरों के बीच का सफर लगभग 2 घंटे तक कम हो जाएगा। वंदे भारत ट्रेन से बेंगलुरु और एर्नाकुलम के बीच की दूरी 8 घंटे 40 मिनट में तय की जा सकेगी। यह ट्रेन तीन राज्यों - केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक से होकर गुजरेगी।

हजारों करोड़ की हो गई डील

ट्रंप के टैरिफ के बीच भारत का बड़ा फैसला अमेरिका से खरीदेगा तेजस फाइटर जेट्स के इंजन

नईदिल्ली 08 नवंबर [एजेंसी]।

भारत की सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने शुक्रवार (7 नवंबर 2025) को अमेरिका स्थित जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के साथ 1 बिलियन डॉलर की डिफेंस डील की है. इसके तहत एचएएल को तेजस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए)Mk-vA के लिए जेट इंजन की सप्लाई की जाएगी. यह डील यूएस के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय उत्पादों पर लगाए गए कुल 50 फीसदी टैरिफ के बाद हुए तनाव के बीच हुई है.

एचएएल के अनुसार, कंपनी ने 97 एलसीए Mk-vAफाइटर जेट विमानों के सपोर्ट पैकेज और इंजन सप्लाई के लिए जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी के साथ करार किया है. इन इंजनों की सप्लाई साल 2027 से शुरू हो जाएगी और 2032 तक ऑर्डर पूरे किए जाएंगे. रक्षा मंत्रालय ने सितंबर 2025 में एचएएल के साथ 62370 करोड़ रुपये का करार किया था, जिसके तहत भारतीय वायुसेना के लिए 97 तेजस Mk-vAफाइटर जेट खरीदे जाएंगे. तेजस सिंगल इंजन वाला मल्टीरोल फाइटर जेट है, जिसे अधिक खतरे वाले हवाई अभियानों के लिए डिजाइन किया गया है. यह एयर डिफेंस, समुद्री टोही अभियान और हमला करने जैसे अभियानों को अंजाम देने में सक्षम है. एचएएल जीई एफ-404 इंजन का उपयोग एलसीए एमके-1ए विमानों के पहले बैच में भी कर रही है. रक्षा मंत्रालय ने फरवरी 2021 में एचएएल के साथ 48,000 करोड़ रुपये का अनुबंध किया था, जिसके तहत 83 तेजस Mk-vA विमान खरीदे जाने थे. हालांकि, जीई एयरोस्पेस द्वारा इंजन आपूर्ति में देरी के कारण इन विमानों की आपूर्ति में रुकावट आई. वायुसेना वर्तमान में अपने लड़ाकू विमानों के बेड़े की घटती संख्या की भरपाई के लिए तेजस विमानों की समय पर आपूर्ति चाहती है. फिलहाल वायुसेना के पास 31 स्क्वाड्रन हैं, जबकि उसकी जरूरत 42 स्क्वाड्रन की है.

बांके बिहारी मंदिर में दिल्ली के श्रद्धालु की मौत दर्शन के समय घबराहट हुई, बेहोश होकर गिरे... फिर उठे नहीं

मथुरा 08 नवंबर [एजेंसी]।

शनिवार सुबह ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन करने आए दिल्ली के श्रद्धालु की अचानक तबीयत बिगड़ने से मृत्यु हो गई।शनिवार सुबह करीब 9:45 बजे बी-ई ब्लाक, गली नंबर 07, हरी नगर, दिल्ली निवासी 67 वर्षीय अखिल केशव शरण माथुरस्वजन के साथ बांकेबिहारी मंदिर दर्शन करने पहुंचे थे। जैसे ही वे गेट नंबर-2 से मंदिर परिसर में प्रवेश कर रहे थे, तभी उन्हें घबराहट और बेचैनी महसूस हुई और वे बेहोश होकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों और श्रद्धालुओं ने तुरंत डाक्टरों की टीम को सूचना दी। अखिल को सौ शैया अस्पताल रेफर किया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।स्वजन के अनुसार, अखिल पिछले पांच वर्षों से हृदय रोग से पीड़ित थे।

जुबली हिल्स में सियासी हड़कंप, कांग्रेस नेता के घर छापेमारी, मीडिया को दूर रखने पर उठे सवाल!

हैदराबाद 08 नवंबर [एजेंसी]।

हैदराबाद के जुबली हिल्स विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत एर्रागड्डा डिवीजन की प्रेम नगर कॉलोनी में उस वक्त अचानक माहौल गरमा गया. जब सूचना के आधार पर पहुंची अधिकारियों की टीम ने कांग्रेस नेता के आवास पर छापेमारी शुरू कर दी. बताया जा रहा है कि बड़े पैमाने पर नकदी मौजूद होने की आशंका में अधिकारियों ने ये छापेमारी की है।

यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है, जब इलाके में राजनीतिक गहमागहमी पहले से ही चरम पर है, जिससे घटना को एक नया सियासी आयाम मिल गया है. छापेमारी के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है और यह कार्रवाई एक मजिस्ट्रेट-स्तरीय अधिकारी की देखरेख में जारी है. इस हाई-प्रोफाइल मामले ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है और स्थानीय लोग बड़ी उत्सुकता से घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं. बता दें कि इसी बीच एक और चौंकाने वाली बात सामने आई है. मौके पर मौजूद मीडिया प्रतिनिधियों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उनका कहना है कि पुलिस उन्हें छापेमारी स्थल से दूर रखकर कांग्रेस पार्टी के साथ सहयोग कर रही है, ताकि अंदर चल रही कार्रवाई की जानकारी बाहर न आ सके. यह आरोप न केवल पुलिस की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करता है, बल्कि पूरे मामले को और भी संदिग्ध बना देता है.मीडिया को रोकना लोकतंत्र में पारदर्शिता के सिद्धांतों का सीधा उल्लंघन माना जाता है, खासकर जब मामला एक प्रमुख राजनीतिक दल के नेता से जुड़ा हो. यह स्थिति सवाल खड़े करती है कि अधिकारी क्या छिपाने की कोशिश कर रहे हैं? यह पूरी घटना दिखाती है कि कैसे सत्ता और विपक्ष के बीच की खींचतान में संवैधानिक संस्थाएं भी अक्सर सवालों के घेरे में आ जाती हैं।

यह छापेमारी और इसके बाद मीडिया को रोके जाने का घटनाक्रम चुनाव या अन्य राजनीतिक गतिविधियों के दौरान अवैध धन के उपयोग की आशंकाओं को बल देता है, जिसकी गहन जांच आवश्यक है।

बिहार का बच्चा रंगदार बनना चाहिए या डॉक्टर, बिहार चुनाव के दूसरे चरण से पहले सीतामढ़ी में आरजेडी पर बरसे पीएम मोदी

नईदिल्ली 08 नवंबर [एजेंसी]।

प्रधानमंत्री मोदी ने सीतामढ़ी में कहा कि आरजेडी वाले बिहार के बच्चों के लिए क्या करना चाहते हैं, ये इनके नेताओं के चुनाव प्रचार में साफ-साफ दिखता है. पीएम मोदी ने कहा, आज मां सीता की इस पुण्य भूमि पर आया हूं, आपका आशीर्वाद ले रहा हूं, तो इतने उत्साह से भरे लोगों के बीच वो दिन याद आना स्वाभाविक है. मां सीता के आशीर्वाद से ही बिहार विकसित बिहार बनेगा.



ये चुनाव तय करेगा कि आने वाले सालों में बिहार के बच्चों का भविष्य क्या होगा, आपकी संतानों का भविष्य क्या होगा, इसलिए ये चुनाव बहुत अहम है.

उन्होंने महागठबंधन का जिक्र करते हुए कहा,आरजेडी वाले बिहार के बच्चों के लिए क्या करना चाहते हैं, ये इनके नेताओं के चुनाव प्रचार में साफ-साफ दिखता है. आप जरा इन जंगलराज वालों के गाने और इनके नारे सुन लीजिए. आप कांप जाएंगे कि ये क्या सोचते हैं, क्या बोलते हैं. आरजेडी के मंचों पर मासूम बच्चों से कहलवाया जा रहा है कि उन्हें रंगदार बनना है. प्रधानमंत्री मोदी ने जनता से सवाल करते हुए कहा, बिहार का बच्चा रंगदार बनना चाहिए या डॉक्टर बनना चाहिए? बिहार का बच्चा अब रंगदार नहीं, बल्कि इंजीनियर, डॉक्टर, एडवोकेट और अदालत में जज बनेगा. अब बिहार में हैंड्सअप कहने वालों के लिए जगह नहीं है. अब तो बिहार में स्टार्टअफ के सपने देखने वाले चाहिए. हम बच्चों के हाथ में किताबें, कंप्यूटर, लैपटॉप दे रहे हैं. हमारे बच्चे खेल में आगे बढ़ें, इसलिए हम उन्हें बैट, हॉकी स्टिक, फुटबॉल और वालीबॉल दे रहे हैं.उन्होंने कहा, ये आरजेडी और कांग्रेस वाले उद्योगों की एबीसीडी भी नहीं जानते. ये उद्योगों में सिर्फ ताले लगाना जानते हैं. 15 वर्ष में एक भी बड़ा कारखाना बिहार में नहीं लगा. यहीं मिथिला में जो मिलें और फैक्ट्रियां थी, वो भी बंद हो गई. 15 वर्ष के जंगलराज में कोई भी बड़ा अस्पताल और मेडिकल कॉलेज बिहार में नहीं बना, इसलिए, जंगलराज वालों के मुंह से विकास की बातें सिर्फ और सिर्फ सफेद झूठ है।

यूनिवर्सिटी में महिलाओं से मांगा पीरियड्स का सबूत

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में महिलाओं के कपड़े उतरवाने और उनकी महावारी की पुष्टि करने के लिए फोटो करने जैसे आरोपों के मामले में विवि की ओर से दो सेनेटरी सुपरवाइजर वितेंद्र और विनोद हुड्डा की सेवाओं को बर्खास्त कर दिया है।

बीएसएफ किसके पास है, घुसपैठियों को...

बिहार चुनाव के दूसरे चरण से पहले नीतीश पर भड़के ओवैसी, लालू पर भी साधा निशाना

नईदिल्ली 08 नवंबर [एजेंसी]।

एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण को लेकर बातचीत में बीजेपी और महागठबंधन दोनों पर तीखा हमला बोला. उन्होंने सीमांचल क्षेत्र में बीस साल से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास के अभाव, जंगलराज और स्थानीय मुद्दों की अनदेखी पर सवाल उठाए. ओवैसी ने कहा कि जनता ने पहले चरण में किसे वोट दिया यह तो स्पष्ट नहीं, लेकिन जनता ने इशारा जरूर कर दिया है.

उन्होंने सीमांचल के विकास पर सवाल उठाते हुए कहा, बीस साल से नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं, लेकिन सीमांचल के लिए उन्होंने कोई एम्स नहीं बनाया, कोई इंडस्ट्री नहीं लगाई और कोई ठोस विकास कार्य नहीं किया. बीस साल में उन्होंने सीमांचल के लोगों के लिए क्या किया? जंगलराज पर प्रतिक्रिया देते हुए एआईएमआईएम चीफ ने कहा, पहले बिहार के लोगों ने लालू राज में जंगलराज देखा, अब उनकी सरकार है और आज भी जंगलराज जारी है. वहीं, घुसपैठियों के मुद्दे पर

उन्होंने बीजेपी को घेरा और कहा, बीएसएफ किसके पास है, सरकार किसकी है, घुसपैठियों को कौन रोकेगा? इन सवालों का जवाब ये लोग क्यों नहीं देते? ओवैसी ने बुर्के और भूराबाल जैसे विवादित बयानों पर कहा कि यह सिर्फ जनता को गुमराह करने की कोशिश है. उन्होंने सीमांचल में स्थानीय प्रतिनिधित्व की कमी पर भी सवाल उठाया और कहा, सीमांचल का कोई बेटा या बेटी राज्यपाल या मुख्यमंत्री नहीं है. सीमांचल के लोग समझदार हैं और इस बार जनता का प्यार हमें जरूर मिलेगा. राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, वे सिर्फ मुसलमानों को दरी बिछाने वाला समझते हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. बिहार के लोग अब समझ चुके हैं कि चुनाव में स्थानीय मुद्दों और विकास की ओर ध्यान देना जरूरी है.

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

सेना ने पाक की नापाक हरकत को फिर किया नाकाम! घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकी ढेर

नईदिल्ली 08 नवंबर [एजेंसी]।

चिनार कॉर्प्स ने बताया कि सेना की जवाबी कार्रवाई में आतंकवादी फंस गए. इससे पहले 5 जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा स्थित केरन सेक्टर में सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है. आज यानि शनिवार (8 नवंबर) को हुई इस कार्रवाई में 2 आतंकी मारे गए. सेना के व्हाइट चिनार कॉर्प्स ने एक्स पर एक पोस्ट कर जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को खुफिया जानकारी मिलने के बाद ऑपरेशन पिंपल शुरू किया गया था. घुसपैठ की कोशिश में जुटे 2 आतंकवादियों को घेरकर मार गिराया गया.

चिनार कॉर्प्स ने बताया कि ऑपरेशन में 2 आतंकवादियों को मार गिराने के बाद इलाके में सुरक्षाबलों द्वारा तलाशी अभियान चलाया जा रहा है. शुक्रवार को एजेंसियों से मिली विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर घुसपैठ की कोशिश के संबंध में कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में एक संयुक्त अभियान शुरू

किया गया था. जवानों ने संदिग्ध गतिविधियां देखते ही चुनौती दी, जिसके बाद आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी. चिनार कॉर्प्स ने बताया कि सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आतंकवादी फंस गए. बता दें कि इससे पहले 5 नवंबर को भी जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के छत्तरू इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी.अधिकारियों के अनुसार यह मुठभेड़ तब शुरू हुई जब जम्मू और कश्मीर पुलिस को भारतीय सेना की मदद से आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट खुफिया जानकारी मिली. इसी के आधार पर छत्तरू इलाके में एक संयुक्त अभियान चलाया गया. यह समन्वित तलाशी अभियान सुबह-सुबह शुरू हुआ था, जिसके बाद सुरक्षाबलों पर गोलीबारी हुई और जवाबी कार्रवाई में गोलीबारी हुई.व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने एक्स पर एक पोस्ट कर बताया कि ऑपरेशन छत्तरू के तहत सुबह खुफिया जानकारी पर एक अभियान चलाया गया. जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर व्हाइट नाइट कॉर्प्स के जवानों ने छत्तरू के इलाके में आतंकवादियों को घेर लिया. ऑपरेशन जारी है. जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की घुसपैठ और गतिविधियां फिर से बढ़ने लगी हैं।

मुंबई से लंदन जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट नहीं भर पाई उड़ान, यात्री परेशान

नई दिल्ली। एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 129, जो सुबह 6.30 बजे मुंबई से लंदन के लिए उड़ान भरने वाली थी, तकनीकी खराबी के चलते उड़ान नहीं भर पाई है। उड़ान कुछ देरी से चलने की खबर है। यात्रा की इंतजार में बैठे यात्रियों को एअर इंडिया की ओर से जलपान की व्यवस्था की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 129, जो सुबह 6.30 बजे मुंबई से लंदन के लिए उड़ान भरने वाली थी, देरी से चल रही है और अभी तक उड़ान नहीं भर पाई है। तकनीकी खराबी के कारण, यह उड़ान अब दोपहर 1 बजे उड़ान भरेगी। यात्रियों को जलपान की व्यवस्था की गई है।

टीबी मरीजों को दिए गए फूड बास्केट

कोरबा । छ.ग. राज्य के स्थापना दिवस और रजत जयंती वर्ष के अवसर पर कोरबा जिले के घंटाघर में 02 नवंबर से 04 नवंबर तक भव्य राज्योत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने हेतु स्टॉल लगाया गया था। स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल के द्वारा 05 टीबी मरीजों को फूड बास्केट प्रदान किया गया।

राज्योत्सव में टीबी मुक्त भारत थीम पर स्वास्थ्य विभाग का शिविर लगाया गया तथा लोगों को सामान्य बिमारी की जाँच, टीबी तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही स्टॉल में टीबी संभावितों की जाँच के लिए विभागिय एक्सरे वैन तथा विलियम जे क्लॉटन फाउंडेशन आई लिफ्ट के द्वारा एक्स-रे किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केशरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में लगभग 1056 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जाँच कराया 882 लोगो का बीपी, शुगर का जाँच कर दवाईयाँ वितरण किया गया, 76 टीबी संभावितों का एक्सरे किया गया।

अग्निवीर शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु दिया जा रहा निःशुल्क प्रशिक्षण

कोरबा । अग्निवीर थल सेना में भर्ती हेतु लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को सीएसईबी ग्राउंड कोरबा में निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 31 दिसंबर तक प्रदान किया जायेगा। जिले के इच्छुक उत्तीर्ण युवक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा में संपर्क कर सकते हैं।

क्लोदिंग, इक्यूपमेंट, फायर और आपदा की निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नीलामी

कोरबा । नगर सैनिकों के पुराने वर्दियां, कार्यालय के अन्य अप्रयोज्य सामानों की नीलामी 28 नवंबर को जिला सेनानी कार्यालय नगरसेना कोरबा में होगी। यह नीलामी होमगार्ड लाईन रजगामार रोड कार्यालय में सुबह 11 बजे होगी। नगरसेना के कोरबा कार्यालय द्वारा निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रियों की नीलामी 'लाट में, जैसी है जहां है जितनी हैं' आधार पर की जायेगी।

निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रियों में नगरसेना के जवानों की वर्दी सामग्री यथा फुलपेंट, कमीज, टोपी, टोपी बैज, कंधा बैज, जूते, मोजे, कंबल, दरी, जर्सी, अंगोला, शर्ट, बेल्ट, बेल्ट लेदर, मच्छरदानी, बरसाती, ग्राउण्ड सीट, व्हिसील, थाली, गिलास, बुट ब्रश, पंखा, सबमर्शिबल मोटर एवं अन्य अनुपयोगी सामग्री शामिल है।

पूरे निष्प्रयोज्य सामान की एक साथ नीलामी होगी। इच्छुक क्रेता नीलामी तिथि से एक दिन पहले तक कार्यालय जिला सेनानी नगर सेना कोरबा में आकर सामग्रियों का अवलोकन कर सकते हैं। प्रत्येक खरीददार को बोली लगाने के पूर्व राशि एक हजार मात्र प्रतिभूति के रूप में जमा करना अनिवार्य है। जिन खरीददार की बोली स्वीकार नहीं होगी उन खरीददारों की जमा राशि वापस कर दी जायेगी। खरीदार की उच्चतम बोली पर्यवेक्षक अधिकारी द्वारा स्वीकार किये जाने पर बोली की राशि जमा कर उसी दिन संपूर्ण सामग्रियों को उठाना होगा। नीलामी बोली की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति का अधिकार नीलामी कमेटी का होगा।

स्काउटस एवं गाइडस का मना स्थापना दिवस

कोरबा। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का 75वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स की टीम ने गणमान्य लोगों को फ्लैग स्टीकर लगाया तथा फंडरेजिंग की गई.

राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा प्रत्येक वर्ष स्थापना दिवस पर फ्लैग स्टीकर जारी किया जाता है। स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स के दो दलों ने शासकीय कार्यालयों, बैंक में अधिकारियों, कर्मचारियों को फ्लैग स्टीकर लगाते हुए फंडरेज किया गया। रेज किए गए फंड का अंशदान जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय मुख्यालय तक पहुंचता है और इसका स्काउटिंग के वेलफेयर में उपयोग किया जाता है.

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर टीआर भारद्वाज, जिला शिक्षा अधिकारी तामेश्वर उपाध्याय, जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों तथा नागरिकों को फ्लैग स्टीकर लगाया गया। एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स से संवाद किया और उनके सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए प्रोत्साहित किया.दल का नेतृत्व डीओसी (गाइड) उत्तरा मानिकपुरी ने किया। दल में रोवर लीडर द्वय राजीव साहू, जगन्नाथ सिंह, गाइड कैप्टिन अंकिता सामल, सीनियर रोवर चेतन, मिनेश, निलेश, राकेश, खिलेश्वर, सीनियर रेंजर पलक पटेल, रेंजर मनिषा, प्रियंका, मौली, सानिया, सरस्वती, कोमल, अदिति, अंसिका, अंजली, भूमिका, दिशा, भूमिका खुटे, प्रज्ञा, वर्षा, दामिनी सम्मिलित थीं.

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 9 को खराब सड़क के विरुद्ध धरना प्रदर्शन

कोरबा । छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी के निर्देशानुसार, नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत सड़कों की जर्जर स्थिति एवं बड़े - बड़े गड्ढे होने की वजह से लोगों को आवागमन में हो रही समस्याओं के संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा, शहर द्वारा आमजन को साथ लेकर धरना/प्रदर्शन 9 नवंबर 2025, दिन - रविवार को सुबह 11.00 से दोपहर 1.00 तक के तक, मुख्य मार्ग गौमाता चौक ईमलीडुग्गु, सीतामणी कोरबा के पास धरना/प्रदर्शन आयोजित किया गया है।

सियान सदन के साथ विकास का उपहार मिला दो वार्डों को

विभिन्न वार्डों में होगे सड़क, नाली, कलवर्ट आदि के निर्माण कार्य, तो वहीं वरिष्ठजनों को मिला उनका अपना सियान सदन

कोरबा । शारदा विहार और अमरैयापारा वार्ड में सरकार ने लगभग 5 करोड़ रूपए की योजनाएं मंजूर की है। यहां सियान सदन और अन्य कार्यों का लोकार्पण उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने किया । उन्होंने कुछ कार्यो का भूमिपूजन भी किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व लोकप्रिय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आशीर्वाद तथा उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के सहयोग से कोरबा का तेजी से विकास हो रहा है, यहाँ पर बरसों से व्याप्त समस्याएं दूर हो रही हैं, जिसके साक्षी हम सब हैं। उन्होने कहा कि विगत डेढ़ वर्षो के कार्यकाल में कोरबा नगर निगम क्षेत्र में 700 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। विकास कार्यो हेतु जब भी जितनी राशि की मांग की जाती है, मुख्यमंत्री श्री साय के द्वारा तत्काल स्वीकृत प्रदान की जाती है, उन्होने कहा कि कोरबा नगर निगम के सभी 67 वार्डों में समान रूप से विकास कार्य हो रहे हैं,

महापौर संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के निरंतर मार्गदर्शन में नगर निगम कोरबा क्षेत्र में विकास को लगातार गति दी जा रही है तथा तेजी से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन तथा मैं स्वयं स्लम व ग्राम्य बस्तियों के रहने वाले हैं, अत: हम दोनों वहाँ की समस्याओं से भलीभांति परिचित हैं तथा इन समस्याओं के निराकरण व शहर के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण रूप से संकल्पित हैं। महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने हम पर जो भरोसा जताया है वह सदैव कायम रहेगा,द्य भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोरबा निगम व कोरबा जिले के साथ-साथ समूचे छत्तीसगढ़ में विकास की बयार बह रही है, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश का सभी दिशाओं में तेजी से विकास हो रहा है। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ ने अन्य क्षेत्रों में विकास के साथ-साथ तेजी से उद्योगों की स्थापना हो रहा है, निवेश बढ़ रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप रोजगार में भी वृद्धि हो रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के दिशा निर्देशन में प्रदेश में औद्योगिक विकास के क्षेत्र में क्रांति का आगमन हो रहा है। नगर पालिक निगम केरबा द्वारा वार्ड क्र. 14 न्यू रेलवे कालोनी शिव मंदिर के पास धनंजय कुर्रे घर तक 10 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड व नाली का निर्माण, वार्ड क्र. 14 में ही टीकम राठौर के घर से सुरजीत सिंह खत्री के घर तक 12 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड नाली निर्माण, वार्ड क्र. 14 अमरैयापारा हरियाणा गली में 10 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड व नाली निर्माण, वार्ड क्र. 14 में ही अमरैयापारा अंतर्गत पावर टावर के पास 88 लाख रूपये की लागत से नाला व सी.सी. सड़क निर्माण, वार्ड क्र. 14 मुड़ापार बायपास मार्ग में रायल इनफिल्ड शोरूम से पेट्रोल पम्प तक 26 लाख रूपये की लागत से सी.सी. सड़क का निर्माण तथा वार्ड क्र. 14 में ही मुड़ापार तालाब के पास नाला से तालाब तक 28 लाख रूपये की लागत से कलवर्ट का निर्माण कार्य कराया जाएगा, जिनका भूमिपूजन उद्योग मंत्री श्री देवांगन द्वारा किया गया। इसी प्रकार वार्ड क्र. 36 डिंगापुर ओम फ्लैट के पीछे जिला खनिज न्यास मद से 12 लाख रूपये की लागत से नाली व सी.सी. रोड निर्माण, इसी मद से वार्ड क्र. 36 अंतर्गत डिंगापुर में राजेश जनरल स्टोर से दीपक यादव घर तक 10 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड निर्माण,डी.एम. एफ.मद से ही कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित साईकिल स्टैण्ड का 10 लाख 56 हजार रूपये की लागत से विकास कार्य, इसी मद से वार्ड क्र. 36 में आयुर्वेदिक पालीक्लीनिक तक 68 लाख रूपये की लागत से बी.टी. रोड निर्माण तथा अधोसंरचना मद से एस.पी. आफिस से रजगामार तक 02 करोड़ रूपये की लागत से बी.टी. रोड का निर्माण कार्य कराया जाना हैं, इन कार्यो का भूमिपूजन भी आज उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के द्वारा किया गया

। कार्यक्रम के दौरान निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, एम.आई.सी सदस्य अजय कुमार गोड़, उर्वशी राठौर, पार्षद प्रभा टीकम राठौर, सुषमा रामशंकर साहू, युगल कैवर्त्य, ईश्वर पटेल, सुलोचना यादव, मण्डल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, डॉ.राजेश राठौर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रूकमणी नायर, अखिलेश पाण्डेय, विध्यांचल झा, अर्जुन गुप्ता, विशाल सचदेवा, उपस्थित थे।

शहरों में व्यापार के नए नियम हुए लागू

कोरबा । राज्य सरकार ने नगरीय क्षेत्रों में बिना अनुमति किए जा रहे व्यापार पर सख्ती बरतते हुए नए नियम लागू कर दिए हैं। अब गुमटी, ठेला या वाहनों के माध्यम से व्यापार करने वाले सभी लोगों को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति व्यापार करने वालों पर प्रशासन सख्त कार्यवाही करेगा।

नगर निगम और नगर पालिका क्षेत्रों में व्यापार करने वालों को अब अनुमतिपत्र शुल्क जमा कर लाइसेंस प्राप्त करना होगा। प्रशासन का कहना है कि यह कदम शहरी क्षेत्रों में सुव्यवस्थित व्यवसाय और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है।

केवल गुमटी या ठेले लगाने वाले ही नहीं, बल्कि वाहनों के माध्यम से व्यापार करने वाले विक्रेता, जैसे मोबाइल दुकानदार, फल-सब्जी या फास्ट फूड वैन संचालक को भी लाइसेंस लेना आवश्यक होगा। बिना अनुमति कारोबार करते पाए जाने पर उनका सामान जब्त किया जा सकता है और जुर्माना भी लगाया जाएगा।

प्रशासन ने सभी नगरीय निकायों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। निगम अधिकारियों को ऐसे व्यापारिक प्रतिष्ठानों और ठेलों की सर्वे सूची तैयार करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

संबंधित अधिकारियों का कहना है कि यह निर्णय शहरी क्षेत्रों में सड़क किनारे अतिक्रमण, अव्यवस्थित ठेले-गुमटी और यातायात बाधाओं को रोकने के लिए लिया गया है। लाइसेंस प्रक्रिया लागू होने से शहर में सुव्यवस्थित व्यापारिक व्यवस्था कायम होगी और राजस्व संग्रहण में भी वृद्धि होगी।

सहकार्य बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति कोरबा के जारी मतदाता सूची के सम्बंध में दावा आपत्ति 10 नवंबर तक आमंत्रित

कोरबा । सहकार्य बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति मर्यादित कोरबा के मतदाता सूची का प्रकाशन 03 नवंबर को किया गया है।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहकार्य बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति मर्यादित कोरबा पंजीयन क्रमांक 345 से प्राप्त जानकारी अनुसार जारी मतदाता सूची के सम्बंध में सदस्यों से दावा आपत्ति 10 नवंबर तक मंगाया गया है। किसी सदस्य को आपत्ति होने पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ दावा आपत्ति ब्रजेन्द्र धर शर्मा प्रबंधक/सदस्य को कार्यालयीन समय पर समिति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। सूची पर प्रस्तुत आपत्तियों का निराकरण समिति कार्यालय में 11 नवम्बर 2025 को प्रात: 11 बजे से किया जाएगा। साथ ही उपान्तरित सूची को अंतिम मतदाता सूची के रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

झांगलु राम के सपनों को पंख दी प्रधानमंत्री आवास योजना ने

कोरबा । कोरबा जिले के पाली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कारीछापर के धनुहार पारा में रहने वाले झांगलु राम रोजाना मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सीमित आमदनी में घर का खर्च चलाना ही उनके लिए बड़ी चुनौती थी। ऐसे हालात में पक्का मकान बनवाने की कल्पना करना भी उनके लिए असंभव सा लगता था।

झांगलु राम की पत्नी तीज बाई भी मजदूरी करके घर की जिम्मेदारी में हाथ बटाती थीं। परिवार अपनी बेटी बबीता के साथ एक कच्चे मकान में रहकर किसी तरह जीवन गुजार रहा था। इसी बीच उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की जानकारी मिली। उम्मीद की एक किरण लेकर झांगलु राम ने आवेदन किया और जब उनका नाम स्वीकृत सूची में आया तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने आवश्यक दस्तावेज जमा किए और अपने कच्चे मकान के पास ही एक नया पक्का मकान बनवाया।

आज झांगलु राम और तीज बाई अपने सपनों के पक्के घर में रहते हैं। बारिश और धूप की चिंता से मुक्त, अब उनके चेहरों पर संतोष और सुरक्षा की चमक है। उनकी बेटी बबीता, जो अब विवाहित है, भी अपने पति राकेश कुमार के साथ कभी-कभी इसी पक्के मकान में ठहरती है। राकेश कुमार ईंट जोड़ने का काम करते हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति में सहयोग दे रहे हैं।प्रधानमंत्री आवास योजना ने न केवल झांगलु राम के सिर पर छत दी, बल्कि उनके जीवन में स्थायित्व और सम्मान की नई नींव रखी ।

ज्ञान का खुल रहा द्वार : विद्यार्थियों की सोच बदल रही अखबार'

कोरबा। जिले के स्कूलों में अब एक नई सुबह की शुरुआत होती है- हाथों में किताबों के साथ-साथ अखबार भी। यह बदलाव आया है जिला प्रशासन की पहल से, जिन्होंने विद्यार्थियों को समसामयिक घटनाओं से जोड़ने और करियर निर्माण में सहयोग देने के उद्देश्य से एक अभिनव कदम उठाया है। उन्होंने डीएमएफ फंड से सभी हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में न्यूज पेपर स्टैंड लगवाया है।

पहले स्कूलों में बच्चे केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित रहते थे। लेकिन अब जब वे स्कूल के गेट से भीतर प्रवेश करते हैं, तो सबसे पहले न्यूज पेपर स्टैंड में सजे अखबारों पर उनकी नजर जाती है। देश-दुनिया, राज्य और अपने जिले की खबरें पढ़ते हुए उनमें एक नई जिज्ञासा, नई दृष्टि और आत्मविश्वास का संचार होता है। पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम लेंगी के हाई स्कूल की छात्रा समीना कहती है कि अब हमें सिर्फ किताबों से ही नहीं, बल्कि अखबार से भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है। देश-विदेश की खबरें पढ़कर समझ आता है कि बाहर की दुनिया कितनी बड़ी है और हम उसमें क्या बन सकते हैं।समीना की सहपाठी सोनी मार्को और कल्याणी भी हर सुबह स्टैंड पर लगे अखबार को पढ़ती हैं। वे बताती हैं कि इससे उन्हें परीक्षा की तैयारी में मदद मिलती है और उनका सामान्य ज्ञान भी बढ़ता है। वहीं, कोरबा ब्लॉक के ग्राम अजगरबहार के हायर सेकंडरी स्कूल में 12वीं की छात्रा आरती, ममता, सुनीता और लक्ष्मनिया बताती हैं कि हम कॉलेज की पढ़ाई करना चाहती हैं। अखबार पढ़कर हमें पता चलता है

कि आगे कौन-कौन से कोर्स हैं, कौन-से कॉलेज अच्छे हैं और देश में क्या नई योजनाएं चल रही हैं। यह हमारे लिए बहुत उपयोगी है। इस छोटे से प्रयास ने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के विद्यार्थियों में जागरूकता, आत्मविश्वास और भविष्य की सोच को जगाया है।'' अब सुबह की घंटी सिर्फ स्कूल शुरू होने का संकेत नहीं देती वह यह भी बताती है कि ज्ञान का नया द्वार खुल चुका है। जिला प्रशासन की यह पहल कोरबा जिले के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ विचार और दृष्टिकोण की समृद्धि भी दे रही है। यह कहानी बताती है कि अगर अवसर और संसाधन सही दिशा में लगाए जाएं, तो हर बच्चे में समाज को बदलने की ताकत होती है। यह केवल अखबार पढ़ने की पहल नहीं है, यह भविष्य पढ़ने की शुरुआत है।

फ्लाई एश और यातायात व्यवस्था पर समन्वय बैठक कृ स्थायी समाधान की दिशा में कलेक्टर कार्यालय में हुई विस्तृत चर्चा

कोरबा। माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर में विचाराधीन प्रकरण एवं पारित आदेश दिनांक 29 अक्टूबर 2025 के अनुपालन में आज कलेक्टर कार्यालय के नवीन सभाकक्ष में फ्लाई एश, कोयले के परिवहन, निपटान, यातायात अवरोध तथा सड़क रखरखाव से संबंधित समस्याओं के स्थायी एवं क्रियान्वयन योग्य समाधान हेतु बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रभारी कलेक्टर श्री आशुतोष पांडेय एवं अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, पुलिस विभाग, पर्यावरण संरक्षण मंडल, परिवहन विभाग सहित एसईसीएल, बालको, अडानी एवं एनटीपीसी जैसे औद्योगिक उपक्रमों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

प्रभारी कलेक्टर एवं निगमायुक्त श्री पांडेय ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं उपक्रम प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए फ्लाई एश परिवहन, सड़क मरम्मत, पार्किंग व्यवस्था तथा यातायात सुगमता सुनिश्चित करने के लिए समन्वित एवं प्रभावी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक संस्था अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन तत्परता से करे, जिससे क्षेत्रवासियों को सुगम यातायात की सुविधा मिल सके और पर्यावरण प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि गौ माता चौक एवं रिसदी चौक के आसपास सड़क मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। बालको प्रबंधन द्वारा बताया गया कि बजरंग चौक से परसाभाठा चौक तक सड़क रिपेयरिंग कार्य जारी है तथा दर्री ध्यानचंद चौक से बजरंग चौक तक टू-लेन सड़क निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ



है।अडानी प्रबंधन ने बताया कि मुख्य द्वार से भीतर की ओर पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है, जिससे धूल नियंत्रण और यातायात सुचारू बनाया जा सके। एसईसीएल को राख परिवहन व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस विभाग ने यातायात नियंत्रण हेतु आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए, वहीं एनटीपीसी को भी यातायात सुधार एवं पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि सभी विभागों एवं उपक्रमों के संयुक्त प्रयासों से ही सड़क रखरखाव, परिवहन नियंत्रण एवं धूल-प्रदूषण की समस्या का स्थायी समाधान संभव है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए एवं प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता बनाए रखी जाए।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री ओंकार यादव, सीएसपी श्री भूषण एक्का, पर्यावरण संरक्षण मंडल के कार्यपालन अभियंता श्री सोनकर, परिवहन अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, नगर निगम के प्रतिनिधि एवं विभिन्न औद्योगिक उपक्रमों के अधिकारी उपस्थित थे।

आउट सोर्सिंग कंपनियों में नियोजन की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

कोरबा । सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल इंडिया की अनुसांगिक कंपनी एसईसीएल बिलासपुर के अधीन कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा परियोजना कुसमुंडा खदान के आउटसोर्सिंग कंपनियों में खदान प्रभावित क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं के नियोजन की मांग पर महाप्रबंधक कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन हुआ। मुख्य गेट पर अलसुबह 6 बजे से ग्रामीणों ने तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि मकानों में दरारें आ गई है, कुआं व बोर धंस गए हैं। मगर इसे एसईसीएल प्रबंधन एसईसीएल खदान से प्रभावित नहीं मान रही है और इसका हवाला देकर आउटसोर्सिंग कंपनियों में नियोजन से वंचित रखा है। इस संबंध में मांगी गई लिखित जानकारी भी प्रबंधन ने नहीं दी है। आउटसोर्सिंग कंपनियों में नियोजन का निर्णय लेने के आश्वासन पर दोपहर लगभग डेढ़ बजे धरना समाप्त हुआ। एसईसीएल-कुसमुंडा खदान के खोडरी फेस पर मिट्?टी खनन शुरू हो गया है। माइंस विस्तार अब ग्राम पंचायत बाता के ग्राम अमगांव खनन क्षेत्र से लगभग 800 मीटर की दूरी पर है। धरना प्रदर्शन के दौरान जमीन अधिग्रहण के 11 साल बाद भी ग्राम अमगांव का मुआवजा पत्रक जारी नहीं करने पर विरोध जताया गया। ग्राम अमगांव के अधिग्रहण के बाद लेटलतीफी से खरीदी-बिक्री पर रोक लगाने से ग्रामीणों को परेशानी पर धरने पर बैठे भू-विस्थापितों

की नाराजगी सामने आई। खोडरी फेस पर खनन शुरू होने से आसपास ग्रामो के बेरोजगार युवाओं को ही शत-प्रतिशत आउटसोर्सिंग कंपनियों में नियोजन की मांग की गई। धरना की जानकारी मिलने पर एसईसीएल के अधिकारी मौके पर चर्चा करने पहुंचे। वार्ता विफल होने से भू-विस्थापितों ने धरना जारी रखा। ग्राम पंचायत बाता के सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण गांधी ने कहा कि उड़ती धूल से उनकी जमीन की उर्वरा शक्ति घट रही है। इसका असर धान की पैदावार पर पड़ेगा। ग्राम अमगांव सहित आसपास ग्रामो के बेरोजगार युवाओं के नियोजन की मांग पर खदान प्रभावित क्षेत्र में नहीं होने का हवाला दिया। दूसरी ओर इन गांवों में निवासरत ग्रामीण खदान में ब्लास्टिंग से उड़ती धूल से परेशान हैं। कुआं व बोर धंसने से ग्रामीणों को नुकसान हुआ है। अब दूसरी बार एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन के अधिकारी वार्ता के लिए पहुंचने पर सभी मुद्दे पर चर्चा की गई। इन ग्रामो के सर्वे कर जानकारी जुटाने की बात अधिकारियों ने कही है।

ट्रक ने ठोका ट्रांसफार्मर को,छाया अंधेरा

कोरबा । जिलान्तर्गत कटघोरा विकासखंड के ग्राम जवाली सरइपाली मोहल्ला में एक ट्रांसफार्मर डीपी को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इसके कारण इससे जुड़ी 11केवी लाइन से बिजली की आपूर्ति ठप्प हो गई। जिसके कारण कई ग्रामो में अंधेरा छा गया। ग्राम जवाली के सरइपाली मोहल्ले में पानी टंकी के पास लगे 25केवीए के ट्रांसफार्मर डीपी को एक ट्रक ने टक्कर मार दिया। इसके कारण मुड़ाली फिडर 11केवी लाइन से बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई। इस घटना के कारण लाइन से जुड़े तीन और ट्रांसफार्मर में भी बिजली आपूर्ति बंद हो गई। इसकी वजह से आसपास के कई ग्रामो में अंधेरा छा गया। घटना में डीपी पर लगा ट्रांसफार्मर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके सुधार में समय लगने की संभावना जताई जा रही है। इस घटना से बिजली विभाग कोलगभग एक लाख 70 हजार रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। इस मामले को जवाली क्षेत्र के कार्यपालन यंत्री ने बांकीमोंगरा थाना में एक केस दर्ज कराया है। इसमें ट्रक की ठोकर से बिजली लाइन और ट्रांसफार्मर को हुए नुकसान की जानकारी दी गई है। * बिजली आपूर्ति बंद होने से ग्रामीणों को हुई परेशानी जिले में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमराई हुई है। शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण इलाके, बिजली बार-बार बंद होने से लोगों को परेशानी होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और खराब है।

'वंदे मातरम् के सामूहिक गायन ने जगाई राष्ट्रभाव की अनुभूति'

कोरबा। भारत की राष्ट्रीय चेतना, स्वतंत्रता संग्राम और मातृभूमि के प्रति अपार श्रद्धा का प्रतीक राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' आज भी प्रत्येक भारतीय के हृदय में स्वाभिमान और देशभक्ति का स्वर जगाता है। इसी अमर रचना की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज देशभर में एक भव्य राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम से संपन्न हुआ, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए 'वंदे मातरम्' के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री श्री मोदी के इस विशेष संबोधन का सीधा प्रसारण कोरबा जिला कार्यालय के नये सभाकक्ष में किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित रहे और सभी ने कार्यक्रम को एक साथ देखा एवं सुना। कार्यक्रम में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के

विधायक श्री प्रेमचंद पटेल शामिल हुए।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि 'वंदे मातरम्' हमारे राष्ट्र की आत्मा का स्वर है। यह गीत भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों के मन में स्वाभिमान, साहस और संघर्ष की ज्योति जगाने वाला रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल गीत नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति आदर, सम्मान और भावनात्मक एकता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र की सांस्कृतिक धरोहर, स्वाधीनता संग्राम और राष्ट्रीय मूल्यों को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ।

इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल एक राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति श्रद्धा, समर्पण और सेवा की भावना का सशक्त स्वर है, जिसे आज देश का प्रत्येक नागरिक अपने मन में संजोए हुए है।

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती : राहौद से शिवरीनारायण तक निकाली गई पदयात्रा

जांजगीर-चांपा। पूरे देश में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती वर्ष के अवसर पर सांसद जांजगीर-चांपा श्रीमती कमलेश जांगड़े की मुख्य आतिथ्य में नगर पंचायत राहौद से नगर पंचायत शिवरीनारायण तक यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। जिसके तहत राहौद बुंदेला चौक से धरदेई, लोहर्सी, खरौद होते हुए शिवरीनारायण अटल परिसर तक पदयात्रा निकाली गई। इस दौरान ग्राम धरदेई में आयोजित कार्यक्रम में सांसद, जनप्रतिनिधियों द्वारा सांसद खेल महोत्सव के खिलाड़ियों, लखपति दीदी, स्वच्छता हितग्राही दीदी, गौसेवकों को सम्मानित भी किया गया। साथ ही गार्बेज फ्री शिवरीनारायण के तहत स्वच्छता दीदियों को स्वच्छता कीट वितरण की गई। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं जनप्रतिनिधियों ने शिवरीनारायण स्थित अटल चौक पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर

माल्यार्पण किया गया। साथ ही शिवरीनारायण एवं राहौद में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया।

यूनिटी मार्च के दौरान सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित यह यूनिटी मार्च पूरे देश में एकता, अखंडता और विकास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के 'विकसित भारत' के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास है। सरदार वल्लभभाई पटेल जी ने जिस प्रकार देश को एक सूत्र में पिरोया, उसी भावना के साथ हम सबको आगे बढ़ना है।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हमारे लिए गर्व और प्रेरणा का दिन है। पूरे देश में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। सरदार पटेल भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी थे, उन्होंने अपना पूरा जीवन देश के लिए बिताया। आज़ादी के बाद उन्होंने अपनी अद्भुत राजनीतिक कुशलता और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत को अखंड राष्ट्र बनाया। उनकी निर्णय लेने की क्षमता, दूरदृष्टि और राष्ट्र के प्रति समर्पण ने उन्हें सच्चे अर्थों में लौह पुरुष बना दिया। देश की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता को सशक्त करने में उनका योगदान अमूल्य है।

जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी ने कहा कि हम सबको यह जानना चाहिए कि किस तरह से हमें आजादी मिली है। उन्होंने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने जिस श्रद्धा से उन्होंने अपने कर्म और समर्पण से एक उदाहरण प्रस्तुत किया उनके अथक प्रयासों का प्रतिरूप आज हम सबके सामने है। उन्होंने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने जिस एकता के सूत्र में पूरे देश को पिरोया, वही प्रेरणा आज हमें भी लेनी चाहिए। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में अच्छा कार्य करें, समाज का नाम रोशन करें, और विकास की गति को आगे बढ़ाएं ताकि हमारा राज्य और हमारा देश नई ऊंचाइयों को छुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जगन्नाथ पाणिग्रही ने कहा कि भारत माता के सपूत लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने रियासतों में बंटे देश को एक सूत्र में बांधने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनके जीवन के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए कहा कि यदि सरदार पटेल न होते, तो आज भारत का नक्शा वैसा नहीं होता जैसा हम देखते हैं। उनका योगदान भारत को एक सशक्त और अखंड राष्ट्र बनाने में अमूल्य रहा है। पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले ने कहा कि पूरा देश में हर घर में सरदार पटेल बात पहुंचे। देश की स्वतंत्रता और एकता के लिए उन्होंने लड़ाई लड़ी। हम साथ चलेंगे साथ रहेंगे और साथ विकास करेंगे। साथ ही कार्यक्रम को अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, गुलाब चंदेल, अमर सुलतानिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नंदनी रजवाड़े, नरेंद्र कौशिक, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, वनमंडलाधिकारी हिमांशु डोंगरे, उप निर्देशक मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार बिलासपुर संभाग डॉ दिनेश यादव, सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बाल विवाह रोकथाम एवं पोषण देखरेख के क्षेत्र में जांजगीर चांपा जिला रहा अव्वल

जांजगीर चांपा। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग ने समाज के सर्वांगीण विकास की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। जिले में पिछले 25 वर्षों में विभाग ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, महिला सशक्तिकरण तथा बाल संरक्षण के क्षेत्र में अनेक उपलब्धियाँ हासिल की हैं।

पोषण एवं आईसीडीएस की सेवाएँ -

वर्ष 2000 में अविभाजित जिले में 981 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित थे, जो बढ़कर वर्ष 2025 में 1369 हो गए हैं। इन केन्द्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं माताओं को पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन प्रयासों से कुपोषण की दरों में कमी आई है जिले में कुपोषण दर में वर्तमान दर 8.89 प्रतिशत तक पहुँची है।

माता एवं शिशु का समग्र विकास -

प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक 21483 से अधिक गर्भवती महिलाओं को लाभ प्राप्त हुआ है। वहीं मार्च 2024 से प्रारंभ महतारी वंदन योजना के तहत वर्तमान में 2 लाख 83 हजार 704 महिलाएँ लाभान्वित हो रही हैं। इन योजनाओं ने मातृ स्वास्थ्य और नवजात शिशुओं के पोषण में सकारात्मक सुधार लाया है।

कन्या विवाह एवं नारी सशक्तिकरण -

जिले में वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से 180 जोडों को लाभ मिला है। एवं 2025 में वर्तमान तक 75 जोड़ों को लाभ मिला महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन (181) और महिला थानों की स्थापना की गई है। जिले में 780 महिला स्व-सहायता समूह पूरक पोषण आहार कार्यक्रम का संचालन कर रही हैं, जिससे महिलाएँ आत्मनिर्भर बन रही हैं।

बालको की देखरेख एवं संरक्षण -

मिशन वात्सल्य बाल संरक्षण समिति, बाल कल्याण समिति जिला बाल संरक्षण इकाई चाईल्ड लाइन एवं जेजे एक्ट के अंतर्गत बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत विभिन्न जन जागरूकता कार्यशाला एवं स्कूल स्तर पर अभियान चलाए जा रहे हैं सत्र 24-25 में कुल 40 बाल विवाह रोका गया बाल बाल कल्याण समिति में शुरुआत से अब तक बच्चों के 3338 पर विचार कर 3276 प्रकरणों में बच्चों का परिवार में पुनर्वास किया गया है 62 बच्चों को संस्थागत संरक्षण प्रधान किया गया है। पोषण देखरेख में 10 बच्चों को संरक्षण प्रदान कर जिला प्रथम स्थान पर है स्पॉन्सरशिप योजनान्तर्गत 100 बच्चे लाभान्वित है

रजत महोत्सव अंतर्गत आयोजित गतिविधियां -

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनीता अग्रवाल ने बताया छत्तीसगढ रजत महोत्सव के अवसर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है वर्तमान दिनांक तक 1330 कार्यक्रम संबंधी पोर्टल पर जानकारी दर्ज की जा चुकी है।

सशक्त नारी - स्वस्थ बालक - समृद्ध समाज -

पिछले 25 वर्षों की इस यात्रा में महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिले की महिलाओं और बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में अहम भूमिका निभाई है। निरंतर नवाचार और सेवा भाव के साथ विभाग ने सामाजिक विकास की नई मिसाल कायम की है।

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष, ग्राम लोहर्सी में जिला स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न

जांजगीर-चांपा। राष्ट्रीय गीत वंदे-मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज देश एवं प्रदेश के साथ जिले के सभी नगरीय निकायों, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायतों में सामूहिक राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया। जिले के पामगढ़ विकासखंड के ग्राम लोहर्सी में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजन हुआ।

इस अवसर पर जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, जगन्नाथ पाणिग्रही, गुलाब चंदेल,अमर सुलतानिया, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, वनमंडलाधिकारी हिमांशु डोंगरे सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय गीत के पंक्तियों की भावार्थ से देश वासियों को अवगत कराया। राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 150 रुपए का सिक्का तथा डाक टिकट जारी किया गया। जिले में कलेक्टोरेट सहित समस्त कार्यालयों में अधिकारी कर्मचारियों ने सामूहिक राष्ट्रीय गीत गायन किये और दिल्ली से लाईव प्रसारित कार्यक्रम को देखा। कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर संदीप सिंह ठाकुर सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय गीत वंदे-मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भारत सरकार के संस्कृति मार्ग-दर्शन में इस ऐतिहासिक पर्व को वर्ष भर चलने वाले महा अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। देश के साथ छत्तीसगढ़ में भी यह आयोजन जन भागीदारी के साथ चार चरणों में ग्राम पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक भव्य रूप में संपन्न किया जाएगा। प्रथम चरण 07 से 14 नवंबर 2025, द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026, तृतीय चरण 07 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ) और चतुर्थ चरण 1 से 7 नवंबर 2026 तक चलेगा।

घर में घुसकर चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

जांजगीर। रात में घर में घुसकर चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

सतीश कुमार देवांगन निवासी देवांगन मोहल्ला बलौदा ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 नवम्बर की रात लगभग 1.45 बजे उनकी पुत्री के चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन जागे, तो देखा कि एक अज्ञात व्यक्ति छत से कूदकर भाग रहा था, जबकि दूसरा व्यक्ति बाहर खड़ा था। दोनों आरोपी फरार हो गए। घर की तलाशी लेने पर पैंट में रखे 10,000 रुपए और पर्स में रखे 12,000 रुपए चोरी पाए गए। रिपोर्ट पर थाना बलौदा में अपराध दर्ज किया गया।

जनजातीय बोली संरक्षण हेतु देश का पहला एआई आधारित आदिवाणी ऐप का शुभारंभ

जांजगीर-चांपा। भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जनजातीय बोलियों के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार के दृष्टिगत एआई बेस्ड ट्रांसलेशन टूल का निर्माण किया गया है जिसे आदिवाणी नाम दिया गया है।सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिसके प्रथम चरण में देश के 04 प्रमुख जनजातीय बोलियों जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के गोडी, मध्यप्रदेश के भीली. झारखंड के मुडारी एवं ओडिसा राज्य के संथाली बोली को शामिल किया गया है। यह भारत का पहला एआई बेस्ड ट्रांसलेशन ऐप है। जिसमें जनजातीय भाषा, बोलियों में अनुवाद कार्य किया जा सकता है जो कि जनजातीय भाषाओं, बोलियों के संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा एवं विलुप्त हो रही जनजातीय बोलियों को संरक्षित कर उसके प्रचार-प्रसार के लिये बहुत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सर्व प्राचार्य शासकीय, अशासकीय महावि., डाइट, आईटीआई से आदिवाणी ऐप का समस्त शैक्षणिक संस्थानों, शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय संस्थानो जनजातीय जनप्रतिनिधियो के माध्यम से आदिवाणी ऐप लिंक https://play.google.com / store/apps/details?id=com का प्रचार-प्रसार करने कहा है।

अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ पूरे सबाब पर

जांजगीर-चाम्पा। जिला मुख्यालय के भगत चौक पुरानी बस्ती में अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ पूरे सबाब पर हैं, जहां रोजाना दर्जनों गांवो के कीर्तन मण्डली राम नाम का गायन करने पहुंच रहे है, वही राम नाम के जाप का रसपान करने सैकड़ों की संख्या में लोग भी पहुंच रहे है।

राम नाम सप्ताह के यज्ञ के पॉचवे दिवस रजककार बोर्ड के अध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) प्रहलाद रजक पहुंचे। श्री रजक द्वारा विधी-विधान से जगत के पालनहार भगवान श्रीकृष्ण-राधा का पूजा-अर्चना कर प्रदेशावासियों के सुख संपति की कामना किये। वहीं चैथे दिवस जनसेवक जांजगीर-चाम्पा भाजपा नेता इंजी. रवि पाण्डेय रामरस पान करने पहुंचें, श्री पाण्डेय पूजा-अर्चना पश्चात बकायदा मिरदग बजाते हुए राम भजन का गुणगान किये। रजककार बोर्ड के अध्यक्ष के साथ निलेश रजक बिलासपुर वैश्वारा धोबी समाज के अध्यक्ष, भाजपा मण्डल अध्यक्ष हितेश यादव, पुष्पेन्द्र निर्मलकर शहर अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, मंत्री भाजपा मण्डल रितेश राठौर, सोशल मीडिया प्रभारी गोलू दुबे, हरि सोनवानी, प्रदीप राठौर, रिया यादव, अनिल निर्मलकर सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे। अखण्ड राम नाम के सप्ताह के अध्यक्ष संजू बरेठ ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित पुरानी बस्ती भगत चौक वार्ड क्र. 11 में

अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ का आयोजन लगातार 63 वर्ष से किया जा रहा है। प्रतिवर्ष वर्ष की भांति इस वर्ष भी 100 साल से अधिक विशाल वट वृक्ष के नीचे चबूतरे में 64 वें वर्ष में राम नाम सप्ताह यज्ञ का शुभारंभ देव आवाह्नन, स्थापना पूजा एवं स्वास्ति वाचन के साथ देव मूर्तियों की झांकी स्थापना के साथ हुआ।

वही भगत चौक के पंडित रामविलास उपाध्याय द्वारा द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना करा राम नाम की जयकारा लगवाते हुए अखण्ड नाम सप्ताह यज्ञ का शुभारंभ कराया गया। तत्पश्चात पूरे भगत चौक मोहल्लावासियों द्वारा राम नाम का जाप प्रारंभ हुआ। राम नाम का जाप पूरे सात दिन और सात रात लगातार किया जा रहा है। साथ ही जिले व अन्य जिलों के सैकड़ो गांवो के कीर्तन मण्डली भी राम नाम सप्ताह यज्ञ में भाग ले रहे है। राम नाम सप्ताह यज्ञ के पांचवे दिवस, कीर्तन मण्डली नरियरा, कीर्तन मंडली पुटपुरा, कीर्तन मंडली कर्रा, कीर्तन मंडली कासा, कीर्तन मंडली पौना, कीर्तन मंडली टुण्ड्रा, कीर्तन मंडली भद्रा, कीर्तन मंडली बसना, कीर्तन मंडली सलखन, कीर्तन मंडली बोरदा, चैथे दिवस, न्यू जागृति कुरियारी, बीरितिया बाबा कैथा गायन प्रस्तुत किये। जिसे सुनने सैकड़ो की संख्या में मोहल्लेवासी व अन्य नगर के लोग उपस्थित थे।

जिला पंचायत की सामान्य सभा बैठक सम्पन्न

जांजगीर चांपा। जिला पंचायत जांजगीर-चांपा की सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत के सभा कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी ने की। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्य लोकेश राठौर, श्रीमती प्रियंका सिंह क्षत्री, सुश्री आशा साव, राजकुमार साहू, श्रीमती प्रमिला साहू, श्रीमती बबीता रात्रे, महादेव नेताम, श्रीमती प्रीति दिव्य, श्रीमती नेहा साहू, श्रीमती संतोषी सिंह रात्रे, श्रीमती उमा राठौर, श्रीमती शशिकला सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, उप संचालक अभिमन्यु साहू एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में पूर्व बैठक में पारित प्रस्तावों के पालन प्रतिवेदन चर्चा की गई। बैठक में आदिम जाति विभाग के छात्रावासों की जानकारी, आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत बच्चों की स्थिति, एवं फ्लाई ऐश व स्लैगचुरी के उपयोग संबंधी पर्यावरण अनुमति प्रक्रिया की समीक्षा पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने कार्यों को गंभीरता से करें और निर्धारित समय सीमा में योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सामान्य सभा की बैठक से अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि स्थायी समिति की बैठकें समिति सभापति से समन्वय बनाकर नियमित रूप से आयोजित की जाएं, ताकि योजनाओं की समीक्षा और समस्याओं का समाधान समय पर हो सके।

बैठक में जिले में संचालित उद्योगों की जानकारी एवं उनके जलकर की बकाया राशि की जानकारी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए। जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में सदस्यों ने बताया कि जिले के कई गांवों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत अब भी घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। इस पर सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि प्रत्येक घर तक नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए और विभागीय अधिकारियों को इसके लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में पानी की आपूर्ति हो रही है, उनकी स्थिति की जांच जिला पंचायत सदस्यों द्वारा की जाएगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जल जीवन मिशन का लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक पहुँच रहा है या नहीं।

जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी ने कहा कि यदि किसी गांव में पाइपलाइन या सप्लाई व्यवस्था में गड़बड़ी पाई जाती है, तो संबंधित विभाग से स्पष्टीकरण लेकर सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में फ्लाई ऐश व स्लैगचुरी के उपयोग से जुड़ी पर्यावरण अनुमति और अनापत्ति प्रमाण पत्रों की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पर्यावरण नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है ताकि सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण सुरक्षा बनी रहे। उन्होंने संबंधित विभागों से कहा गया कि फ्लाई ऐश व स्लैगचुरी के उपयोग हेतु जारी किए जाने वाले अनुमति एवं अनापत्ति प्रमाण पत्रों की पूरी प्रक्रिया, मानदंड और दस्तावेज़ों की सूची सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराई जाए।

बैठक में आदिम जाति विभाग के अंतर्गत संचालित छात्रावासों की स्थिति पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सदस्यों ने जानकारी ली कि जिले के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में संचालित छात्रावासों में वर्तमान शिक्षा सत्र में कितने छात्र-छात्राएं दाखिल हैं। सदस्यों ने बताया कि छात्रों की संख्या के आधार पर राशि का आबंटन किया जा रहा है, ऐसे में वास्तविक स्थिति की जांच आवश्यक है। बैठक में निर्णय लिया गया कि छात्रावासों की वास्तविक संख्या और सुविधाओं की जांच जिला पंचायत सदस्य स्वयं करेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि जहां भी अनियमितता पाई जाए, संबंधित अधिकारियों से राशि वसूली की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि छात्रावासों का संचालन पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ होना चाहिए, ताकि छात्र-छात्राओं को निर्धारित सुविधाएं समय पर मिल सकें। बैठक में 15 वे वित्त की ब्याज की राशि से निर्माण कार्यों के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की दर्ज संख्या की जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका नियमित रूप से केंद्र में उपस्थित रहें। उन्होंने निर्देश दिए कि जो केंद्र समय से बंद हो जाते हैं या उपस्थिति नहीं देते, उन पर कार्यवाही की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जीवनदीप समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाए, ताकि स्वास्थ्य सुविधाओं के संचालन और अस्पतालों की व्यवस्थाओं की निगरानी प्रभावी ढंग से की जा सके। इसके साथ ही अस्पताल में साफ सफाई पर ध्यान देने के निर्देश दिए। आगामी धान खरीदी सीजन 2025-26 की तैयारियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के किसानों को धान खरीदी के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक उपार्जन केंद्र की व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से संचालित हो।

छोटे किसान 2 और बड़े 3 बार ले पाएंगे टोकन

जांजगीर। धान खरीदी की शुरुआत 15 नवंबर से होगी। इस बार किसानों को धान बेचने के लिए नया एप डाउनलोड करना होगा। एप का नया वर्जन प्ले स्टोर में जारी किया गया है।

इस साल भी छोटे किसानों को दो और बड़े किसानों को तीन टोकन बनाने की अनुमति रहेगी। इसमें निरस्त टोकन भी शामिल रहेंगे। किसान को टोकन में दर्ज धान मात्रा के बराबर धान केन्द्र लाना होगा। हर दिन सुबह 8 बजे से तुंहर टोकन मोबाइल एप के माध्यम से किसान टोकन बुक कर सकते हैं। सोसायटी संचालक पिछली बार की तरह ही सुबह 9:30 बजे से टोकन जारी करेंगे। एक बार जारी हुआ टोकन अगले सात खरीदी दिनों तक मान्य होगा। बैंक खाता सत्यापित नहीं होने पर किसानों को टोकन जारी करने की अनुमति नहीं होगी। किसानों को खरीदी केंद्रों पर लंबी कतारों में लगने से बचने के लिए यह सुविधा शुरू की गई है। वे मोबाइल से ही टोकन बुक कर सकेंगे और निर्धारित दिन पर सीधे केंद्र पहुंच सकेंगे।

किसान कैसे करें एप का उपयोग- तुंहर टोकन मोबाइल एप में किसान पंजीकरण नंबर या आधार नंबर से लॉगइन करें। ओटीपी सत्यापन पूरा करें। सोसायटी का नाम, खरीदी केंद्र और धान की मात्रा भरें। बुकिंग के बाद किसान को टोकन नंबर और तारीख दिखाई देगी। तय तारीख पर उसी टोकन के साथ खरीदी केंद्र पहुंचें और धान विक्रय करें। यह एप छत्तीसगढ़ शासन ने तैयार किया है। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को धान खरीदी के लिए डिजिटल टोकन जारी करना है, जिससे वे निर्धारित तिथि पर ही केंद्र में धान बेच सकें।

श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ पिरदा में

मालखरौदा। विकासखंड मालखरौदा के ग्राम पिरदा के बजरंग चौक में श्री हरिकीर्तन मंडली और ग्रामीणों द्वारा तीसरे वर्ष श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 7 से 15 नवंबर तक किया जा रहा है। कथा वाचक पंडित बलराम पांडेय (सिरली वाले) के सानिध्य में प्रतिदिन दोपहर 2.30 बजे से प्रवचन होंगे।

नोटिस

प्रकरण क्रमांक :- DC/383/CC/114/2025
पेशी तारीख : 20/11/2025

श्रीमति पुष्पा गुप्ता ------------ परिवादिनी
विरूद्ध
हनुमत बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स प्रा.लि.--विरोधी पक्षकार

प्रति,
हनुमत बिल्डर्स एण्ड डेवालपर्स प्रा.लि
वास्ते श्री मुकेश सिंह उम्र 36 पिता स्व श्री दिनेश सिंह म.क्र. 456 गली नं 02 वार्ड नं 03 बालाजी नमकीन के पास, तुलसी मार्ग कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) 495677

परिवादी द्वारा आप विरोधी पक्षकार के विरुद्ध उसे प्रदत्त सेवाओं के संबंध में व्यवसायिक कदाचरण अपनाये जाने संबंधी शिकायत प्रस्तुत किया है। आपको इस आयोग में दिनांक 20/11/2025 को दिन में 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समंस किया जाता है। आप आयोग में स्वयं या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस नाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो,जो ऐसे सभी प्रश्नों का उत्तर दे सके। आयोग में उपसंजाती के लिए जो दिन नियत किया गया है, वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिए नियत दिन है, इसलिए आपको इस दिन अपने सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताये गये तारीख को इस आयोग में उपसंजात नहीं होंगे तो आपके वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज तारीख 03/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर और आयोग की मोहर लगाकर दिया गया।

सील

अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग कोरबा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दीपका
जिला- कोरबा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सहायक अभियन्ता, छ.स्टे.पॉ. डिस्ट्री. कं. लिमि, उपसंभाग दीपका के ग्राम भिलाईबाजार में स्थापित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र को एस.ई.सी.एल. के द्वारा अर्जित कर ली गई है। जिसे विस्थापित कर ग्राम-सलिहाभाठा (भिलाईबाजार) में स्थापित किये जाने हेतु ग्राम-सलिहाभाठा (भिलाईबाजार) की शासकीय भूमि खसरा नं. 1368/1 में से रकबा 60×50 मी. भूमि आबंटन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है। जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति जो कुछ भी हो तो वह दिनांक 21.11.2025 के पूर्व इस न्यायालय में स्वयं या अपने किसी अधिकृति प्रतिनिधि/अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 06.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार
दीपका, जिला- कोरबा (छ.ग.)

S-45821/2

अनमोल वचन.....

जो आपकी खामोशी को समझा ले
वही आपका सच्चा साथी है।

दिल्लीवासियों की अपेक्षाएं

विशेषज्ञों को जरूर मालूम होगा कि कृत्रिम बारिश के लिए आसमान में बादलों की कैसी मौजूदगी जरूरी होती है। इस ज्ञान का इस्तेमाल ना करने के कारण उन्होंने दिल्लीवासियों की अपेक्षाएं बढ़ाईं और उन्हें पूरा करने में नाकाम रहे। राष्ट्रीय राजधानी में क्लाउड सीडिंग के जरिए कृत्रिम बारिश कराने की कोशिश की नाकामी में कई सबक छिपे हैं। पहले तो इससे यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति जाहिर हुई है कि तकनीक संस्थान एवं विशेषज्ञ सरकारों की मंशा के मुताबिक चलने की ऐसी मानसिकता का शिकार हो गए हैं कि मानों उन्होंने स्वतंत्र राय देने से तौबा कर लिया है। वरना, आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञ बिना ठोस परिस्थितियों का आकलन किए ऐसे प्रयास में शामिल नहीं होते, जिसके नाकाम रहने से उनकी भी किरकिरी हुई है। विशेषज्ञों को यह जरूर मालूम होगा कि कृत्रिम बारिश के लिए आसमान में बादलों की कैसी मौजूदगी जरूरी होती है। इस ज्ञान का इस्तेमाल ना करने के कारण उन्होंने दिल्लीवासियों की अपेक्षाएं बढ़ाईं और उन्हें पूरा करने में नाकाम रहे। वैसे इससे भी बड़ा मुद्दा है प्रदूषण की गंभीर समस्या के बीच दिल्ली सरकार का कृत्रिम वर्षा का 'इन्वेंट' आयोजित करने का नजरिया। दिवाली के आसपास दिल्ली में घने स्मॉग का छाना जैसे एक मौसमी घटना बन गया है। ऐसा क्यों होता है, इस बारे में अनेक अध्ययन हुए, जिनसे अब काफी जानकारी उपलब्ध है। प्रदूषण के कारण व्यवस्थागत हैं। इनकी जड़ें परिवहन संबंधी सरकारी नीतियों और हरित तकनीक लागू करने को लेकर प्रशासनिक लापरवाही में हैं। इन कारणों से प्रदूषक तत्वों का उत्सर्जन लगातार होता रहता है। उनसे बनी सतह पर जब पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने से आया धुआं और दिवाली पर पटाखों से निकले हानिकारक तत्व जा बैठते हैं, तो वातावरण पर स्मॉग छा जाता है। स्पष्टतः इस समस्या का फौरी हल तब नहीं हो सकता, जब यह गंभीर रूप में सामने आ जाती है। इसका समाधान नीतिगत बदलाव और निरंतर प्रयासों से ही संभव है। मगर ऐसा करने का मद्दा या नजरिया जब नहीं होता, तब दिखावटी उठाना ही एकमात्र विकल्प रह जाता है। ऐसे ही कदम के तौर पर इस वर्ष कृत्रिम बारिश कराने की कोशिश की गई। मगर उसकी नाकामी ने दूसरी गहराती समस्याओं को भी उजागर कर दिया है। जाहिर यह हुआ है कि देश में ज्ञान- विज्ञान विरोधी गहराते माहौल के बीच साधारण-से कार्यों को संपन्न करना भी दूभर हो गया है।

राशिफल

मेष राशि: आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। पारिवारिक जीवन में सौहार्द की वृद्धि होगी। बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना पड़ सकता है। धन लाभ के मौके हाथ लगेंगे और आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी। संतान से सुखद अनुभूति होगी।

वृष राशि: आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदुरुस्त महसूस करेंगे। किसी के साथ बेवजह की बहसबाजी में न पड़ें, इससे कामों में देरी होगी। छात्रों को पढ़ाई पर और ध्यान देने की जरूरत है।

मिथुन राशि: आज का दिन अनुकूल रहेगा। रोजगार के कामों में ज्यादा समय लग सकता है। कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ों की राय लेना कारगर रहेगा। बड़े बुजुर्गों के पैर छूने से धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी।

कर्क राशि: अचानक शुरू हुई समस्याएं समाप्त होंगी। ननिहाल पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। विदेश व्यापार की योजना बन सकती है। सोशल मीडिया पर किसी नई पहचान से भविष्य में लाभ होगा।

सिंह राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा और लगाव बढ़ेगा। रुके कार्यों में प्रगति होगी। गृहस्थ जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। डिप्लोमा कर रहे छात्रों को सीनियर्स से जरूरी जानकारी मिलेगी।

कन्या राशि: आज का दिन लाभदायक रहेगा। कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी और कार्य समय पर पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में तालमेल बढ़ेगा। किसी काम में बरबाते तारीफ करेंगे। छात्रों की पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी।

तुला राशि: आज का दिन फेवरेबल रहेगा। आप कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं, जो आर्थिक स्थिति और घर की व्यवस्था के लिए लाभदायक होंगे। मित्र-जुलकर किए कार्यों में सफलता मिलेगी। कम्युनिकेशन के दौरान अपनी बात सही तरह से रखना फायदेमंद रहेगा।

वृश्चिक राशि: आज का दिन फायदे वाला रहेगा। रिश्तेदारों से चल रही अनबन खत्म होगी। खान-पान में संयम रखें, सेहत बेहतर रहेगी। कारोबार में बरकत होगी और आय के साधन बढ़ेंगे। योजनाओं में सफलता के संकेत हैं।

धनु राशि: आज का दिन उत्तम रहेगा। विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखें। पुरानी गलतियों को भूलकर आगे बढ़ेंगे और सफलता पाएंगे। बच्चों की समस्या का समाधान मिलेगा। मानसिक सुकून रहेगा। धार्मिक यात्रा का योग बन सकता है।

मकर राशि: आज का दिन बेहतर आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपनी काबिलियत पर भरोसा करें। पिता का आशीर्वाद बना रहेगा। आत्मविश्वास और ऊर्जा से बहुत कुछ हासिल करेंगे। दिन की शुरुआत में ही प्लानिंग करने से कार्य सुचारु रूप से पूरे होंगे। किसी खास व्यक्ति के सहयोग से रुके हुए काम पूरे होंगे।

कुंभ राशि: आज का दिन शानदार रहेगा। ऑफिस के काम से अचानक यात्रा हो सकती है। किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। इस राशि के जो लोग बेकरी के बिजनेस से जुड़े हैं उनको आज उम्मीद से ज्यादा लाभ होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। कामकाज में गंभीरता दिखाएंगे। घर के वरिष्ठों का सहयोग बना रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के व्यवसाय में मुनाफा होगा। घर में बच्चे की किलकारी की शुभ सूचना मिलेगी। किसी मित्र की मुलाकात से खुशी मिलेगी।आज शाम को किसी पार्टी में जा सकते हैं आज आप खूब इंजॉय करेंगे। आर्ट्स स्टूडेंट्स को पढ़ाई-लिखाई में शिक्षकों से मदद मिलेगी।

राजद-कांग्रेस का गठबंधन टूटते-टूटते बचा

- अजीत द्विवेदी -

दिल्ली से लेकर पटना तक की मीडिया में चर्चा है कि बिहार में राजद के साथ कांग्रेस का गठबंधन टूटते टूटते बचा और वह भी तब, जब सोनिया गांधी ने दखल दिया और राहुल गांधी सक्रिय हुए। कहा जा रहा है कि राहुल देश के किसी भी हिस्से में रहे लेकिन वे पटना में नेताओं के लगातार संपर्क में थे और हर घटनाक्रम की समीक्षा कर रहे थे। अंत में सोनिया गांधी ने अशोक गहलोत को पटना भेजा। उनके बाद अविनाश पांडे भी पटना भेजे गए। वे पटना में समन्वय देखेंगे।

यह आम धारणा है कि अशोक गहलोत पटना गए तो उन्होंने जादूगरी दिखाई और गठबंधन को टूटने से बचा लिया। उन्होंने लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव से बातचीत की और उसके बाद साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई, जिसमें तेजस्वी यादव को महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री का दावेदार और मुकेश सहनी को उप मुख्यमंत्री का दावेदार घोषित किया गया।

अब सवाल है कि क्या कांग्रेस तेजस्वी को चेहरा घोषित करने के बदले जो चाहती थी वह उसको मिल गया? इस सवाल का जवाब है कि कांग्रेस को तेजस्वी का नाम घोषित करने के बदले में कुछ नहीं मिला। कह सकते हैं कि 'न खुदा मिला न विसाले सनम'। बेइज्जती अलग से हुई। कांग्रेस को घुटने टेक कर नौ सीटें छोड़नी पड़ी, जिसमें जीती हुई सीट भी है। क्वालिटी सीट के नाम पर कोई अच्छी या नई सीट नहीं मिली यानी पुरानी ही सीटें लड़नी पड़ रही है, जिनमें पिछली बार स्ट्राइक रेट 27 फीसदी का था। कांग्रेस को राजद के खिलाफ खड़े किए गए अपने उम्मीदवारों को नाक रगड़ कर वापस लेना पड़ा और तेजस्वी के नाम की घोषणा भी करनी पड़ी। अपमान अलग से यह हुआ कि लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव ने कांग्रेस के उम्मीदवारों के खिलाफ जो उम्मीदवार खड़े किए थे उनमें से किसी का नाम वापस नहीं हुआ। कांग्रेस जिन 61 सीटों पर चुनाव लड़ रही है उन्हीं में से 10 सीटों पर दोस्ताना लड़ाई हो रही है। राजद की 143 में से सिर्फ दो सीट पर दोस्ताना लड़ाई है। लेकिन वह भी कांग्रेस के साथ नहीं वीआईपी के साथ। उसने कांग्रेस से उम्मीदवार वापस कराए, जबकि उसके उम्मीदवार कांग्रेस के खिलाफ लड़ रहे हैं। ऊपर से सीपीआई के साथ संबंध अलग बिगड़े। बिहार का लेनिनग्राद कहे जाने वाले बेगूसराय में सीपीआई की मजबूत बछवाड़ा सीट पर उम्मीदवार देकर कांग्रेस ने उसे ऐसा नाराज किया कि उसने कांग्रेस की जीती हुई सीट पर भी अपना उम्मीदवार उतार दिया और तमाम मान मनौव्वल के बाद भी नाम वापस नहीं लिया।

सोचें, जब लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव की हर बात मान ही लेनी थी तो अशोक गहलोत को भेजने की क्या जरूरत थी? वह काम तो कोई भी कर सकता था। मोलभाव या दबाव की राजनीति का मतलब होता है कि दोनों पक्ष कुछ कुछ समझौता करें। लेकिन यहां तो सारे समझौते कांग्रेस को करने पड़े! राजद ने कोई समझौता नहीं किया है। वह पिछली बार 144 सीटों पर लड़ी थी और इस बार 143 पर लड़ रही है। सीपीआई माले पिछली बार 19 पर लड़ी थी और इस बार 20 पर लड़ रही है। सीपीआई पिछली बार छह पर लड़ी थी तो इस बार नौ पर लड़ रही और सीपीएम पिछली बार चार पर लड़ी तो इस बार छह पर लड़ रही है। दूसरी ओर कांग्रेस पिछली बार 70 पर लड़ी थी और इस बार 61 पर लड़ रही है और उसमें भी 10 सीटों पर दोस्ताना लड़ाई है। यानी चौबे जी गए थे छब्बे जी बनने और दुबे जी बन कर आ गए।

असल में बिहार में कांग्रेस का कोई संगठन पिछले कई बरसों से नहीं है। पिछले सात साल में तो तीन अध्यक्ष और तीन प्रभारी बदले हैं लेकिन कांग्रेस का प्रदेश संगठन नहीं बना। कांग्रेस के पास कोई जातीय आधार नहीं है और न संगठन की मजबूती है। इस वास्तविकता को समझे बगैर राहुल गांधी ने बिहार में कांग्रेस के पुनरूत्थान का सपना पाला।

सोशल मीडिया से भरी गई हवा से फुल कर कुप्पा हुए राहुल गांधी ने कांग्रेस के वेतनभोगी कर्मचारी कृष्णा अल्लावरू को बिहार का प्रभारी बना कर भेजा। राहुल गांधी की ओर से इम्पावर्ड किए गए अल्लावारू ने पटना पहुंचते ही टकराव की राजनीति शुरू कर दी। उन्होंने कांग्रेस के तमाम पुराने नेताओं को हाशिए में डाल दिया और राजेश राम व शकील अहमद खान के सहारे दलित और मुस्लिम का समीकरण बैठाना शुरू कर दिया, जिसका कोई जमीनी आधार नहीं था। यह सही है कि कांग्रेस के वोट पर ही प्रादेशिक पार्टियों की राजनीति चल रही है लेकिन उनसे अपना वोट वापस हासिल करने के लिए कांग्रेस को पहले संगठन के स्तर पर मजबूत होना होगा। इस बुनियादी वास्तविकता को समझे बगैर राहुल गांधी और अल्लावरू ने यह सोच लिया कि दबाव डाल कर लालू प्रसाद से न सिर्फ अच्छी सीटें हासिल कर लेंगे, बल्कि इसी बहाने अपना वोट बैंक भी वापस पा लेंगे। कांग्रेस को इस प्रयास में जोर का झटका बहुत जोर से लगा है।

कांग्रेस की सबसे बड़ी गलती अल्लावरू को प्रभारी बना कर भेजने की थी। अल्लावरू की जगह किसी राजनीति समझने वाले नेता को बिहार भेजा जाना चाहिए था, जो बारीकियों को समझता हो। मोटा मोटी सिद्धांत जानने और महत्वाकांक्षा पाल लेने से कुछ नहीं होता है। राजनीति की बारीकियों को समझने वालों को भी बिहार में राजनीति करने के लिए कुछ अतिरिक्त कौशल की जरूरत होती है। कांग्रेस ने अविनाश पांडे को देर से भेजा अगर वे पहले गए होते तो वे कांग्रेस की संगठनात्मक शक्ति, उम्मीदवारों की क्षमता और राजनीतिक नैरेटिव को समझ कर मोलभाव करते। अल्लावरू में वह समझ भी नहीं थे और वे लचीलापन भी नहीं ला पाए, जिसकी जरुरत थी। लालू परिवार ने उनकी इस कमजोरी को समझा और कांग्रेस को राजनीति को पंक्चर कर दिया। अल्लावरू और कुछ हद तक राहुल गांधी भी पप्पू यादव और कन्हैया कुमार के भरोसे लालू परिवार पर दबाव डाल पाने का भ्रम पाले रहे। इसका अंत नतीजा बहुत बुरा हुआ।

कांग्रेस ने समझा ही नहीं कि बिहार के तीन चौथाई जिलों में उसके पास संगठन के अच्छे नेता नहीं हैं और न अच्छे उम्मीदवार हैं। राजद को यह पता था कि कांग्रेस के पास अच्छे उम्मीदवार नहीं हैं। इसलिए उसने एक भी नई सीट कांग्रेस के लिए नहीं छोड़ी। अंत में दिखा कि कैसे कांग्रेस ने करीब डेढ़ दर्जन ऐसे उम्मीदवार चुनाव में उतारे, जो थोड़े दिन पहले तक भाजपा या जनता दल यू में थे। कई उम्मीदवार तो संघ की शाखा में जाने वाले थे। एक उम्मीदवार तो ऐसा उतारा, जिसने राहुल गांधी पर दर्जनों अपमानजनक पोस्ट सोशल मीडिया में डाले थे। विवाद बढ़ने पर उसकी उम्मीदवारी वापस ली गई। 60 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम आबादी वाली एक सीट पर जीते हुए विधायक की टिकट काट कर एक कमजोर उम्मीदवार को टिकट दिया गया, जिसका क्षेत्र में जबरदस्त विरोध हुआ। पिछली बार महज 113 वोट से हारे एक उम्मीदवार की टिकट काट दी गई, जिसकी सार्वजनिक रूप से शिकायत कटिहार के सांसद तारिक अनवर ने की। पैसे पर टिकट बेचे जाने के ऐसे ऐसे आरोप लगे, जैसे पहले कभी नहीं लगे थे। तभी चुनाव के अधबीच कृष्णा अल्लावरू के पर कतरे गए। उनको यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी पद से हटाया गया और अविनाश पांडे को समन्वय के लिए भेजा गया।

कुल मिला कर कांग्रेस ने जो तेवर दिखाए और लालू प्रसाद को झुका कर कांग्रेस को स्थापित करने का जो दांव खेला वह बुरी तरह से पिट गया। जमीनी राजनीति और धारणा की राजनीति दोनों में कांग्रेस को नुकसान हुआ। साथ ही कांग्रेस ने समूचे महागठबंधन की संभावना को भी पलीता लगा दिया। पहले तो राहुल गांधी एकदम बिना मतलब का एसआईआर का मुद्दा लेकर बिहार में दो हफ्ते घूमे और उसके बाद जब राजनीति करने की बारी आई तो पता नहीं कहां लापता हो गए। उन्होंने राजनीति ऐसे नौसिखिया नेताओं के हाथ में दी, जिनको अपने क्षेत्र के बाहर कोई नहीं जानता था। अखिलेश प्रसाद सिंह, तारिक अनवर, मदन मोहन झा जैसे नेता शोपीस बना दिए गए और अल्लावरू, राजेश राम, शकील अहमद खान फैसले करते रहे!

बिहार विधानसभा चुनावों में फ्रेंडली फाइट क्या है और क्यों हो रही है

- अजय दीक्षित -

कांग्रेस, राजद, वीआइपी और सीपीएम ने बिहार विधानसभा चुनावों में 11 स्थानों पर जैसे वैशाली, कहलगांव, शिवहर, चैनपुर तथा अन्य 7 पर आपस में महागठबंधन होते हुए उम्मीदवार उतार दिए हैं। और लड़ाई को फ्रेंडली फाइट नाम दिया है। इन विधानसभा चुनावों में एनडीए का उम्मीदवार अलग से है ही।

बताया जाता है इन 11 स्थानों के अलावा राजद, कांग्रेस नेता एक दूसरे के खिलाफ खूब प्रचार कर रहे हैं और राहुल गांधी,राजद नेता तेजस्वी यादव, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे हाथ पर हाथ रख कर बैठे हुए हैं। उल्लेखनीय हैं कि बिहार विधानसभा चुनावों में राजद 141, कांग्रेस 62, वीआईपी 12, सीपीएम 19 सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। फ्रेंडली फाइट में 5 सीट पर राजद और कांग्रेस,चार सीट पर कांग्रेस और वीआईपी,दो सीट पर कांग्रेस और सीपीएम आमने सामने हैं। इस सर्कस को फ्रेंडली फाइट कहते हैं। बिहार के शिवहर से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा है कि ये सब उनके प्रभाव वाले क्षेत्र मध्य बिहार में हो रहा है। पप्पू यादव ने कहा है कि उन्होंने राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, मुकेश साहनी से बातचीत की लेकिन किसी ने नहीं मानी और लिस्ट जारी कर दी। हिंदुस्तान के प्रधान संपादक शशि शेखर ने बताया है कि महागठबंधन में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। जबकि सामने एनडीए जैसा प्रतिद्वंद्वी है जो व्यवस्थित चुनाव लड़ रहा है उन्होंने हम पार्टी के जीतनराम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा को मना लिया और पत्ता नहीं खड़का, जेडीयू भी 101 पर राजी हो गया और भारतीय जनता पार्टी ने अधिक से कम सीट पर समझौता कर लिया। ये फ्रेंडली फाइट शब्द डब्ल्यूडब्ल्यूएफ कुश्ती से आया है। जिसमें खली लड़ता था और राजनीति में बंगाल से आया जब 2021 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और तृणमूल में संघर्ष हुआ

और कांग्रेस ने इतने वोट काटे कि दस सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की।दरअसल बिहार में कांग्रेस को राजद की वैशाखी की जरूरत है यह सिलसिला 1991 से चल रहा है। लेकिन अब तेजस्वी यादव इसे आधे अधूरे मन से चला रहे हैं। कांग्रेस 2020 के चुनावों में 70 सीट पर लड़ी थी और केबल 19 पर जीत हासिल हुई।जबकि राजद 125 पर लड़ा और 74 पर जीत हुई । तेजस्वी का मानना था कि कांग्रेस के कारण वे सत्ता में नहीं आ पाए हालांकि नीतीश कुमार ने बीच में पलटा खा कर तेजस्वी यादव को उप मुख्यमंत्री बनने का मौका दिया था लेकिन नीतीश कुमार अधिक समय तक उन्हें झेल नहीं सके तब नीतीश कुमार ने एक बार फिर पलटी मारी और 2024 के लोकसभा से पहले एनडीए में शामिल हो गए। राजद और कांग्रेस का महागठबंधन भी कमजोर है 11 सीट पर फ्रेंडली फाइट हो रही है और इन सीटों पर महा गठबन्धन गच्चा खा सकता है।2020 के चुनावों में 400 हजार वोट के फर्क से एनडीए सत्ता में आ गया था।

तस्वीरों की दुनिया

प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक वर्ष लंबे समारोह के उद्घाटन के अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट जारी किया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शुक्रवार, 7 नवंबर, 2025 को सासाराम के चेनारी विधानसभा क्षेत्र में बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एक जनसभा को संबोधित करते हुए।

पिरामल फाइनेंस लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष आनंद पिरामल (दाएं), पत्नी और रिलायंस इंडस्ट्रीज की गैर-कार्यकारी निदेशक ईशा अंबानी (बाएं) और उनके बच्चों के साथ मुंबई में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में पिरामल फाइनेंस की लिस्टिंग के दौरान।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, पणजी, गोवा में भाजपा की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2025 प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान।

बिहार विधानसभा चुनाव के बीच औरंगाबाद में एक जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया गया। साथ में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी दिखाई दे रहे हैं।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पणजी, गोवा में कला अकादमी में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भारत माता को नमन किया।

श्रीनगर में नशा विरोधी रैली में भाग लेते छात्र।

टीएमसी ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र, सीईसी के बयान और बीएलओ सॉफ्टवेयर में विरोधाभास

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने शुक्रवार को चुनाव आयोग को पत्र लिखकर मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के बयान और बीएलओ सॉफ्टवेयर के बीच विरोधाभास का जिक्र किया। टीएमसी ने इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग उठाई।

टीएमसी ने पत्र में लिखा कि हम आपके ध्यान में एक तात्कालिक महत्व के मुद्दे को लाने के लिए लिख रहे हैं, जिसने पश्चिम बंगाल के कई जिलों में बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) के बीच व्यापक भ्रम और संचालन संबंधी गतिरोध पैदा कर दिया है। 27 अक्टूबर को भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा कि गणना फॉर्म भरते समय, अंतिम एसआईआर की मतदाता सूची में मतदाता का विवरण और अंतिम एसआईआर के पिछले कॉलम में नाम वाले रिश्तेदार का विवरण अनुभागों के अंतर्गत, कोई भी व्यक्ति या तो अपना विवरण (यदि पिछली एसआईआर सूची में मौजूद हो) या किसी रिश्तेदार का विवरण, विशेष रूप से चाचा शब्द का उल्लेख करते हुए दर्ज कर सकता है, जिससे यह संकेत मिलता है कि चाचा या अन्य रक्त संबंधियों के माध्यम से मानचित्रण की अनुमति है। हालांकि, यह बयान बीएलओ और बीएलओ सॉफ्टवेयर इंटरफेस को जारी लिखित निर्देशों का सीधा खंडन करता है, जो दोनों रिश्तेदार श्रेणी को सख्ती से माता-पिता और दादा-दादी तक ही सीमित रखते हैं। बीएलओ ऐप में ड्रॉपडाउन मेनू वर्तमान में सीमित संबंधपरक विकल्प बेटा, बेटी, पोता, पोती और ट्रांसजेंडर दिखाता है, जिसमें भाई, बहन, चाचा या किसी अन्य रक्त संबंधी जैसे अन्य संबंधों को चुनने का कोई प्रावधान नहीं है। मुख्य चुनाव आयुक्त के मौखिक स्पष्टीकरण और बीएलओ सॉफ्टवेयर में परिचालन तंत्र के बीच इस असंगति ने जमीनी स्तर पर भ्रम पैदा कर दिया है। बीएलओ कई वास्तविक नागरिकों के लिए डेटा प्रविष्टि के साथ आगे बढ़ने में असमर्थ हैं, जो संकीर्ण माता-पिता/दादा-दादी संबंध से बाहर आते हैं, जबकि सीईसी ने स्पष्ट सार्वजनिक बयान में रिश्तेदारों और रक्त संबंधों जैसे चाचाओं को शामिल करने के लिए परिभाषा का विस्तार किया है। इसके मद्देनजर, यह जरूरी है कि भारत का चुनाव आयोग तुरंत मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा व्यक्त किए गए निर्देश को लागू करे।

चाचा और अन्य रक्त संबंधियों सहित रिश्तेदारों के माध्यम से मानचित्रण की अनुमति देने वाला मौखिक स्पष्टीकरण औपचारिक रूप से बीएलओ को जारी आधिकारिक निर्देश पुस्तिका, ड्रॉपडाउन मेनू और इनपुट फील्ड के तत्काल अद्यतन के माध्यम से बीएलओ सॉफ्टवेयर इंटरफेस में परिलक्षित होना चाहिए। जब तक ऐसा कार्यान्वयन प्रभावी नहीं हो जाता, तब तक बीएलओ विरोधाभासी दिशानिर्देशों से बंधे रहेंगे, जो विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के समुचित संचालन में सीधे तौर पर बाधा डालते हैं और मतदाताओं के लिए अनावश्यक कठिनाई पैदा करते हैं। हम आपसे तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह करते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मुख्य चुनाव आयुक्त के शब्दों को बिना किसी और देरी के अमल में लाया जाए।

पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई : जग्गू भगवानपुरिया गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार, कई हथियार बरामद

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने अपराध के खिलाफ सख्ती के अभियान में एक और सफलता हासिल की है। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने होशियारपुर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर जग्गू भगवानपुरिया गैंग के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से अत्याधुनिक हथियार बरामद हुए हैं। डीजीपी पंजाब पुलिस के आधिकारिक एक्स अकाउंट से साझा पोस्ट में बताया गया, एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब ने होशियारपुर पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में जग्गू भगवानपुरिया गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान सविंदर सिंह उर्फ बोधी और सुखमन उर्फ जशन के रूप में हुई है। दोनों कलानौर और गुरदासपुर के निवासी हैं। उनके कब्जे से अत्याधुनिक हथियार बरामद किए। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ कि ये दोनों आरोपी अपने विदेशी हैंडलर अमृत दलम के निर्देश पर काम कर रहे थे। वे कलानौर के वडाला बांगर में एक मेडिकल स्टोर पर डॉ. हरि सिंह को निशाना बनाकर की गई गोलीबारी की घटना में वांछित थे। यह घटना हाल ही में हुई थी, जिसमें डॉक्टर पर हमला कर गैंग ने दहशत फैलाई थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी होशियारपुर क्षेत्र में सक्रिय हैं और अगली साजिश रच रहे थे। एजीटीएफ और होशियारपुर पुलिस की टीमों ने संयुक्त रूप से छापेमारी की, जिसमें दोनों को धर दबोचा गया। पकड़े गए सविंदर सिंह उर्फ बोधी (उम्र 28 वर्ष) और सुखमन उर्फ जशन (उम्र 25 वर्ष) दोनों कलानौर के रहने वाले हैं।

उत्तर प्रदेश : फर्जी डिग्री रैकेट मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, 16 ठिकानों पर छापेमारी

लखनऊ, 08 नवंबर [एजेंसी]।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की लखनऊ जोन टीम ने उत्तर प्रदेश के हापुड़ स्थित मोनाड यूनिवर्सिटी से जुड़े फर्जी डिग्री रैकेट मामले में बड़ी कार्रवाई की। ईडी ने इस मामले में कुल 16 ठिकानों पर छापेमारी की है, जिसमें यूनिवर्सिटी का मुख्य परिसर और उन्नाव स्थित सरस्वती मेडिकल कॉलेज भी शामिल है। यह मामला लंबे समय से जांच एजेंसियों की निगरानी में था, क्योंकि इस रैकेट से हजारों छात्रों के भविष्य पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

इस मामले के मुख्य आरोपी विजेंद्र सिंह उर्फ हुड्डा फिलहाल जेल में है। वह एक राजनीतिक रूप से प्रभावशाली व्यक्ति है और 2024 के लोकसभा चुनाव में बिजनौर से बीएसपी के टिकट पर चुनाव लड़ा था, जहां उसे 2.18 लाख वोट मिले थे और वह तीसरे स्थान पर रहा था। जांच एजेंसियों के अनुसार, विजेंद्र सिंह और उनके सहयोगियों पर आरोप है कि उन्होंने मोनाड यूनिवर्सिटी के नाम पर बड़े पैमाने पर फर्जी डिग्रियों का खेल चलाया, जिसमें कई राज्यों के छात्र शामिल हो सकते हैं। ईडी की वर्तमान कार्रवाई में जिन 16 ठिकानों को कवर किया गया है, उनमें मोनाड यूनिवर्सिटी, हापुड़ का मुख्य परिसर, सरस्वती मेडिकल कॉलेज (उन्नाव) और मुख्य आरोपी के अलावा अन्य संबंधित व्यक्तियों के कई आवासीय और व्यावसायिक पते शामिल हैं। इनमें से अधिकतर आरोपी पहले ही पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जा चुके हैं और कई पर चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। ईडी अब इस पूरे नेटवर्क की मनी लॉन्ड्रिंग और अवैध फंडिंग की दिशा में जांच कर रही है।सूत्रों के मुताबिक, कार्रवाई के दौरान जांच टीमें यूनिवर्सिटी के रिकॉर्ड, एडमिशन से जुड़े दस्तावेज, फीस से संबंधित लेनदेन, डिजिटल डाटा और अन्य अहम कागजों की जांच कर रही है। इस पूरे नेटवर्क को उजागर करने के लिए गहन जांच की जा रही है।

बिहार में बंपर वोटिंग से चिराग पासवान खुश, बोले-सरकार एनडीए की ही बनेगी

पटना। बिहार में 121 सीटों पर गुरुवार को हुई बंपर वोटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के वोट चोरी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि अब 14 नवंबर को ईवीएम का जिन्न बाहर जरूर निकलेगा और मजबूती के साथ बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी। पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि जो कोई भी बिहार की राजनीति को समझता है, उसने देखा है कि केंद्र और राज्य सरकार ने पूरी ईमानदारी और मजबूती के साथ चुनाव लड़ा है। अभी तो पहले चरण का मतदान हुआ, जिसमें जनता ने इतिहास रचा है, दूसरे चरण में भी ऐसा ही देखने को मिलेगा। एनडीए गठबंधन मजबूती के साथ चुनाव प्रचार कर रहा है और मुझे पूर्ण उम्मीद है कि हम लोग 14 नवंबर को भारी बहुमत से सरकार बनाएंगे। चिराग ने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार बन रही है, इसमें कोई संदेह नहीं है। 14 नवंबर को एनडीए फिर से सरकार बना रही है। बंपर वोटिंग को लेकर चिराग पासवान ने कहा कि जो लोग ये दावे कर रहे हैं कि वोटिंग ज्यादा हुई तो यह बदलाव होने जा रहा है तो उन्हें मैं 2010 की याद दिलाना चाहता हूं। 2005 में एनडीए की सरकार बनने के बाद, 2010 में भी वोटिंग पैटर्न कुछ ऐसा ही था और हमने बड़ी संख्या में सीटें जीती थीं।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में झुग्गियों में लगी भीषण आग, कई परिवारों का सामान खाक, फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियां मौके पर

नोएडा, 08 नवंबर [एजेंसी]।

ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में स्थित राइस चौक के पास भयावह आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। राइस चौक के समीप बनी अस्थाई झुग्गियों में अचानक आग भड़क उठी, देखते ही देखते लपटों ने करीब एक दर्जन से अधिक झुग्गियों को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को अपने घरेलू सामान तक निकालने का मौका नहीं मिला। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों ने आग लगते ही दमकल विभाग को सूचना दी। जानकारी मिलते ही फायर विभाग की कुल 5 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया। दमकल कर्मियों के अनुसार आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाने के लिए लगातार कूलिंग का काम जारी है, ताकि चिंगारी दोबारा न भड़के।

झुग्गियों में रहने वाले अधिकतर मजदूर और दिहाड़ी करने वाले परिवार थे, जो आसपास की सोसायटियों और निर्माण स्थलों पर काम करते हैं। अचानक लगी आग के कारण कई परिवारों का राशन, कपड़े, बर्तन, बिस्तर और जरूरी सामान जलकर खाक हो गया। आग लगते ही महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों पर चले गए। हादसे की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी है।

दमकल विभाग और पुलिस टीम आग के कारणों की जांच कर रही है। प्राथमिक अनुमान है कि आग शॉर्ट सर्किट या किसी सिलेंडर के रिसाव से लगी हो सकती है, हालांकि अधिकारी जांच पूरी होने के बाद ही कुछ कहने की बात कर रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन भी सक्रिय हो गया।

पुलिस ने प्रभावित क्षेत्र को घेराबंदी कर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने कहा कि बेघर हुए परिवारों की मदद के लिए राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। हालांकि जनहानि न होने से बड़ी राहत मिली है, लेकिन सामान जल जाने से दर्जनों गरीब परिवारों को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा है। फिलहाल पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर मौजूद है और आग लगने के वास्तविक कारण का पता लगाने की कोशिश जारी है।

ईडी की चार्जशीट पर फैसला सुरक्षित, 29 को अगली सुनवाई

नई दिल्ली। नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लेने पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले में कोर्ट 29 नवंबर को अपना फैसला सुनाएगी। इससे पहले, 30 अक्टूबर को अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चार्जशीट के कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा था। इस मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत अन्य को आरोपी बनाया गया है। यह मामला 2012 में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की शिकायत से शुरू हुआ था, जिसमें आरोप लगाया गया कि कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड अखबार की मूल प्रकाशक कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की संपत्तियों को अनुचित तरीके से हथियाने की साजिश रची। अप्रैल 2025 में ईडी ने इस मामले में चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, इंडियन ओवरसीज कांग्रेस प्रमुख सैम पित्रोदा, सुमन दुबे, सुनील भंडारी, यंग इंडियन लिमिटेड और डॉटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड को आरोपी बनाया गया था।

सीएम योगी ने विपक्ष को घेरा, बोले-नौकरी के बहाने नौजवानों की जमीन हड़प लेते थे

पश्चिमी चंपारण, 08 नवंबर [एजेंसी]।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार चुनाव प्रचार में शुक्रवार को भी कांग्रेस और राजद को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि राजद के लोग लालटेन लेकर आते थे, केरोसिन बेच देते थे। फिर अंधेरे में डकैती डालते थे। अराजकता पैदा करना इनका जन्मसिद्ध अधिकार है। पशुओं का चारा खाने वाले आपका राशन भी नहीं छोड़ेंगे। यह लोग विकास, गरीब कल्याण की योजनाएं रोक देंगे और फिर से जंगलराज पैदा करेंगे। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस व राजद के समय में बिहार में 60 से अधिक जातीय नरसंहार हुए थे। अपहरण की 30 हजार से अधिक घटनाएं हुईं।

व्यापारी, इंजीनियर, चिकित्सक, बेटियों का लगातार अपहरण होता था। सरकार कार्रवाई की बजाय अपहरणकर्ताओं के सामने नतमस्तक होकर मध्यस्थता की बात करती थी। महागठबंधन में हिम्मत नहीं है कि अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य कर सके। यूपी को देखें, जब वहां माफिया की छाती पर बुलडोजर गड़गड़ाकर चलता है तो उनके आका भी थर-थर कांपते हैं। कांग्रेस, राजद व इनके पार्टनर आमजन की आस्था का अपमान करते हैं, दंगाइयों को प्रश्रय देते हैं, व्यापारियों का सरेआम अपहरण करने वालों और खानदानी माफिया को गले से लगाते हैं। इनकी संवेदना गरीबों के प्रति नहीं, बल्कि माफिया-गुंडों के प्रति है। सीएम योगी ने लौरिया के विधायक, भाजपा प्रत्याशी व भोजपुरी कलाकार विनय बिहारी के पक्ष में शुक्रवार को जनसभा की और उन्हें फिर से विधानसभा में भेजने की अपील की। सीएम योगी ने मतदाताओं को चेताया कि राजद और कांग्रेस वाले बहकाने आएंगे। जब यह 15 वर्ष सत्ता में थे तो नौजवानों को ठगते थे। नौकरी के बहाने उनकी जमीन हड़प डाली थी। अपहरण उद्योग बन चुका था। नया उद्योग नहीं लगता था। नीतीश कुमार के नेतृत्व में अपहरण उद्योग बंद हुआ। गुंडागर्दी रोकने पर प्रभावी कदम उठाए गए। विकास कार्यों को तेजी से बढ़ाया गया। अब नए भारत का नया बिहार है। जब बिहार समृद्ध होता है तो भारत समृद्ध होता है। सीएम ने स्वर्णिम बिहार के लिए एनडीए प्रत्याशी को जिताने की अपील की। सीएम

योगी ने लोगों से अपील की कि जिन्होंने 2005 के पहले बिहार के जंगलराज, अराजकता, गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार को देखा है, वे वर्तमान पीढ़ी को भी बताएं। अब लालटेन का समय नहीं है। बिहार पीएम मोदी के मार्गदर्शन व नीतीश बाबू के नेतृत्व में एलईडी की दूधिया रोशनी में सुशासन की सुदृढ़ नींव बनाने की ओर अग्रसर हुआ है। एनडीए ने पिछले 20 वर्ष राजद व कांग्रेस के पापों के गड्ढों को भरने, अराजकता-भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने व सुशासन की आधारशिला को सुदृढ़ करने में लगाया। समृद्ध बिहार की नींव पुख्ता करने के लिए प्रदेश बढ़ चुका है, इसलिए एनडीए सरकार बिहार में फिर से आवश्यक है। सीएम योगी ने केंद्र सरकार की योजनाओं को गिनाया और कहा कि पीएम मोदी ने 11 वर्ष में विकास की अनेक योजनाएं चलाईं तो बिहार में भी विकास की हर योजनाएं हैं। कांग्रेस की सरकार के समय में 50 हजार रुपए में सिलेंडर ब्लैक होता था, जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने 10 करोड़ गरीबों को फ्री में रसोई गैस का सिलेंडर दिया। सीएम योगी ने कहा कि भोजपुरी की मिठास दुनिया में हर जगह पहुंची है। भोजपुरिया लोगों ने बंजर दीपों को भी उपजाऊ बनाने का कार्य किया है। भोजपुरी संस्कृति जहां भी गई, उस क्षेत्र को उपजाऊ बनाया। बिहार, मैथिली, और भोजपुरी छठ गीतों के माध्यम से वैश्विक पहचान दिलाने वाली शारदा सिन्हा भी धरा है। उन्हें पद्म पुरस्कार एनडीए सरकार ने ही दिया। सीएम योगी ने कहा कि कलाकार भगवान की अनमोल धरोहर होते हैं। कला का सम्मान होना चाहिए। एनडीए ने भोजपुरी के बड़े कलाकार को लौरिया से मैदान में उतारा है। हमने भी यूपी में भोजपुरी के दो कलाकारों को चुनाव लड़ाया। मैंने गोरखपुर से अपनी संसदीय सीट छोड़कर भोजपुरी कलाकार रवि किशन को दी। भोजपुरी कलाकार दिनेश लाल यादव को भी हमने आजमगढ़ से सांसद बनवाया था। सुशासन की सुदृढ़ नींव में ही स्वर्णिम बिहार की संकल्पना साकार होगी। लौरियावालों को अर्जुन की तरह एकटक निशाना केवल कमल के फूल पर रखकर ईवीएम बटन दबाना है। सीएम योगी ने कहा कि एनडीए के समर्थन में पहले चरण में बिहार की माताओं, किसानों, नौजवानों का उत्साह दिखा। बिहार की धरती पर 65 फीसदी मतदान बताता है कि 14 नवंबर को ईवीएम खुलेगी तो फिर एक बार एनडीए सरकार का नारा साकार होगा। सीएम ने कहा कि आज वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण हुए हैं। 1875 में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने भारत की स्वाधीनता के लिए नौजवानों के मन में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व राजनैतिक चेतना को नया स्वर देने के लिए जिस कृति की रचना की, वंदे मातरम् उसका अमर गीत बन गया। इसे गाते-गाते भारत का नौजवान फांसी के फंदे पर झूल जाता था, लेकिन स्वाधीनता के मंत्र से कभी भटका नहीं। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस कहती है कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं। पीएम मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार आई तो अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ। मां जानकी भी वहां विराजमान हुई हैं। महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, रैन बसेरा निषादराज व रसोई मां शबरी के नाम पर है।

वंदे मातरम भारत की स्वतंत्रता का गीत, अटूट संकल्प का भावना और जागरण का प्रथम मंत्र

नई दिल्ली। भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वंदे मातरम् ब्लॉग शेयर किया है। उन्होंने वंदे मातरम को भारत की स्वतंत्रता का गीत, अटूट संकल्प का भावना और जागरण का प्रथम मंत्र बताया। अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ब्लॉग का लिंक शेयर किया।

उन्होंने कहा, 'वंदे मातरम' स्वतंत्रता का गीत है, अटूट संकल्प की भावना है, और भारत के जागरण का प्रथम मंत्र है। राष्ट्र की आत्मा से जन्मे शब्द कभी समाप्त नहीं होते, वे सदैव जीवित रहते हैं, पीढ़ियों तक गूंजते रहते हैं। समय आ गया है कि हम अपने इतिहास, अपनी संस्कृति, अपनी मान्यताओं और अपनी परंपराओं को भारतीयता की दृष्टि से देखें। 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर मेरा ब्लॉगः शाह के ब्लॉग का शीर्षक वंदे



मातरम् - सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की प्रथम उद्घोषणा है इसमें लिखा है—हमारे देश के इतिहास में ऐसे कई अहम पड़ाव आए, जब गीतों और कलाओं ने अलग-अलग रूपों में लोकभावनाओं को सहेजकर आंदोलन को आकार देने में अहम भूमिका निभाई। चाहे छत्रपति शिवाजी महाराज जी की सेना के युद्धगीत हों, आजादी के आंदोलन में सेनानियों के गान या आपातकाल के विरुद्ध युवाओं के सामूहिक गीत, इन गीतों ने भारतीय समाज को स्वाभिमान की प्रेरणा भी दी और एकजुट भी बनाया।ऐसा ही है भारत का राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम', जिसका इतिहास किसी युद्धभूमि से नहीं, बल्कि एक विद्वान बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी के शांत लेकिन अडिग संकल्प से शुरू होता है। सन 1875 में, जगद्धात्री पूजा (कार्तिक शुक्ल नवमी या अक्षय नवमी) के दिन उन्होंने उस स्तोत्र की रचना की जो भारत की स्वतंत्रता का शाश्वत गीत बन गया।

'वंदे मातरम' केवल भारत का राष्ट्रीय गीत ही नहीं, सिर्फ स्वतंत्रता आंदोलन का प्राण नहीं, बल्कि यह बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी द्वारा 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' की प्रथम उद्घोषणा है। इसने हमें याद दिलाया कि भारत केवल जमीन का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि एक भू-सांस्कृतिक राष्ट्र है, जिसकी एकता उसकी संस्कृति और सभ्यता से आती है। जैसा कि महर्षि अरबिंद ने वर्णन किया, बंकिम आधुनिक भारत के एक ऋषि थे, जिन्होंने अपने शब्दों के माध्यम से राष्ट्र की आत्मा को पुनर्जीवित किया। अपने एक पत्र में बंकिम बाबू ने लिखाः मुझे कोई आपत्ति नहीं है यदि मेरे सभी कार्य गंगा में बहा दिए जाएं। यह श्लोक ही अनंत काल तक जीवित रहेगा। यह एक महान गान होगा और लोगों के हृदय को जीत लेगा। औपनिवेशिक भारत के सबसे अंधकारमय काल में लिखा गया, 'वंदे मातरम' जागृति का प्रभात-गीत बन गया।1896 में रवींद्रनाथ टैगोर जी ने 'वंदे मातरम' को धुन में पिरोया, जिससे इसे वाणी और अमरता प्राप्त हुई। यह गीत भाषा और क्षेत्र की सीमाओं से आगे बढ़कर पूरे देश में गूंज उठा। तमिलनाडु में सुब्रमण्यम भारती जी ने इसका तमिल अनुवाद किया और पंजाब में क्रांतिकारियों ने इसे गाते हुए ब्रिटिश राज को खुली चुनौती दी। 1905 में, बंग-भंग आंदोलन के दौरान 'वंदेमातरम' के सार्वजनिक पाठ पर प्रतिबंध लगा दिया था, फिर भी 14 अप्रैल, 1906 को बारीसाल में, हजारों लोगों ने इस आदेश की अवहेलना की।

साइबर फ्रॉड का शिकार बने टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद कल्याण बनर्जी एक बड़े साइबर फ्रॉड के शिकार हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि ठगों ने उनके पुराने बैंक खाते से करीब 56 लाख रुपये निकाल लिए हैं। यह खाता उनके विधानसभा कार्यकाल (2001-2006) के दौरान खोला गया था, जब वे आसांसोल दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे। जानकारी के मुताबिक, यह बैंक खाता कई वर्षों से निष्क्रिय पड़ा हुआ था और इसका उपयोग केवल बतौर विधायक उन्हें मिलने वाले भत्तों के लिए किया जाता था। हाल ही में बैंक अधिकारियों ने खाते में संदिग्ध लेन-देन की सूचना दी, जिसके बाद मामला सामने आया।

हिन्दू सिख भाईचारे में दरार डालने की कोशिश कर रहा पाकिस्तानः अविनाश राय खन्ना

होशियारपुर। गुरु नानक देव जयंती के उपलक्ष्य में श्री ननकाना साहिब माथा टेकने जा रहे हिन्दू समुदाय के लोगों को पाकिस्तान इमीग्रेशन अधिकारीयों द्वारा सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बावजूद भी ननकाना साहिब जाने से रोके जाने के मामले का पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना ने कड़ा संज्ञान लिया है। खन्ना ने कहा कि यह पाकिस्तान की हिन्दू सिख भाईचारे में दरार डालने की घटिया करतूत है। खन्ना के कार्यालय से ज्योति कुमार जौली ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त घटना से सम्बंधित समाचार मिलने पर श्री खन्ना ने इसे पाकिस्तान द्वारा हिन्दू सिख भाईचारे का कत्लेआम करार दिया है। श्री खन्ना ने इस मामले सम्बन्धी केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को पत्र लिखकर पाकिस्तान की इस घटिया करतूत के विरुद्ध सख्त एक्शन लेने की मांग की है। खन्ना ने कहा है कि श्री गुरु नानक देव जी हिन्दुओं और सिखों के संयुक्त आराध्य गुरु हैं और पाकिस्तान का यह कृत्य न केवल हिन्दू सिख भाईचारे में दरार डालने की साजिश है, बल्कि यह सीधे तौर पर हमारे धर्म पर प्रहार है।

पंजाब सरकार की बड़ी कार्रवाई, महिला पीसीएस अफसर सस्पेंड, रुपयों के लेनदेन में गड़बड़ी का आरोप

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने मोगा की अतिरिक्त उपायुक्त (छ्ष्ट) एवं नगर निगम कमिश्नर चारूमिता को सस्पेंड कर दिया है। इस संबंध में चीफ सेक्रेटरी के.ए.पी. सिन्हा ने आदेश जारी किए। आदेशों में पंजाब सिविल सेवाएं (सज़ा एवं अपील) नियम, 1970 का हवाला दिया गया है। चीफ सेक्रेटरी ने कहा कि वह संबंधित अथॉरिटी की मंजूरी के बगैर यहां से बाहर नहीं जाएंगी। वहीं, सस्पेंशन के दौरान चारूमिता का हेडक्वार्टर चंडीगढ़ रहेगा। सूत्रों के मुताबिक धर्मकोट से बहादुरवाला से गुजरते नेशनल हाईवेङ्क71 के लिए जमीन एक्वायर की गई थी। इस दौरान रुपयों के लेनदेन में गड़बड़ी मिली थी। जिसके बाद विजिलेंस ब्यूरो ने पीसीएस अधिकारी चारुमिता के खिलाफ चार्जशीट तैयार की थी। इस दौरान एक किसान को जमीन का मुआवजा नहीं मिला, जिस वजह से उसे कोर्ट जाना पड़ा।

कटरीना कैफ और विकी कौशल बने पेरेंट्स, एक्ट्रेस ने दिया बेटे को जन्म

मुंबई। कटरीना कैफ और विकी कौशल के फैंस के लिए शुक्रवार (7 नवंबर) की सुबह एक बड़ी खुशखबरी आई है। बॉलीवुड की यह खूबसूरत जोड़ी अब पेरेंट्स बन गई है। कटरीना कैफ ने एक प्यारे से बेटे को जन्म दिया है, जिससे कौशल और कैफ परिवार में खुशियों का माहौल है। दोनों ने सोशल मीडिया पर एक बेहद प्यारे पोस्ट के जरिए अपने फैंस के साथ यह खुशखबरी साझा की है। विकी और कटरीना ने अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक जॉइंट पोस्ट शेयर किया, जिसमें लिखा था हमारे घर खुशियां आई हैं। हम अपने बेबी बॉय का स्वागत करते हैं 7 नवंबर 2025। कटरीना और विकी विकी कौशल ने इस पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में आशीर्वाद लिखा। यह खबर आते ही बॉलीवुड में बधाईयों का तांता लग गया। करीना कपूर खान ने कमेंट करते हुए लिखा, कैटज वेलकम टू बॉय मम्मा क्लब। तुम्हारे और विकी के लिए बहुत खुश हूं। प्रियंका चोपड़ा ने लिखा, दोनों के लिए बहुत खुश हूं, बधाई। आयुष्मान खुराना ने भी बेस्ट न्यूजज दोनों को बधाई लिखकर अपनी खुशी जाहिर की। बता दें कि 23 सितंबर को ही विकी और कटरीना ने अनाउंस किया था कि वे जल्द ही पेरेंट्स बनने वाले हैं। उन्होंने इसे अपनी लाइफ का बेस्ट चैप्टर बताया था। विकी ने कुछ दिनों पहले एक इंटरव्यू में भी पिता बनने को लेकर अपना उत्साह जाहिर करते हुए कहा था, मैं काफी एक्साइटेड हूं और यह बहुत बड़ा आशीर्वाद है। एक्साइटिंग टाइम है। गौरतलब है कि विकी कौशल और कटरीना कैफ ने कई साल की डेटिंग के बाद 2021 में राजस्थान में शाही अंदाज में शादी की थी। काफी समय से कटरीना की प्रेग्नेंसी की खबरें आ रही थीं, जिसे कपल ने सितंबर में कन्फर्म किया था।

बोकारो में आईआरबी जवान हत्याकांड का खुलासा मुख्य आरोपी सहित दो गिरफ्तार

बोकारो। झारखंड के बोकारो जिले के चास थाना क्षेत्र में 27 अक्टूबर को हुए आईआरबी जवान अजय कुमार हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने धनबाद से मुख्य आरोपी बलराम तिवारी और उसके सहयोगी सूरज कुमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बलराम तिवारी के पास से एक देसी पिस्तौल, तीन जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की गई है। चास के एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि घटना छठ महापर्व के संध्या अर्घ्य के दौरान हुई थी। चास थाना क्षेत्र की आदर्श कॉलोनी स्थित गायघाट छठ घाट पर बलराम तिवारी और अंकित मंडल के बीच एक युवती को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। इस दौरान मौके पर मौजूद आईआरबी जवान अजय कुमार ने बीच-बचाव करने की कोशिश की और बलराम तिवारी को थप्पड़ मार दिया। इससे नाराज बलराम तिवारी घर गया और पिस्तौल लाकर अजय कुमार को गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया, जिसे एसआईटी ने तकनीकी जांच और गुप्त सूचना के आधार पर धनबाद से गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी बलराम तिवारी का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ चास थाना और सेक्टर-12 थाना में केस दर्ज हैं। सह-आरोपी सूरज कुमार उर्फ पप्पू कुमार के खिलाफ भी चोरी और वाहन चोरी के आरोप में चास थाना कांड संख्या 337/23 दर्ज है। आईआरबी जवान की हत्या के बाद इलाके में तनाव व्याप्त हो गया था। इसके विरोध में आक्रोशित लोगों ने बोकारो-चास मुख्य मार्ग को करीब छह घंटे तक जाम रखा था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है और घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

हरियाणा में चुनाव नहीं, होलसेल में चोरी हुई थी : राहुल गांधी

नई दिल्ली। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को 2024 के हरियाणा विधानसभा चुनाव में वोट चोरी के गंभीर आरोप को दोहराया। उन्होंने कहा, मैंने प्रजेंटेशन में दिखाया कि हरियाणा चुनाव वास्तव में चुनाव नहीं था। वहां पर होलसेल में चोरी हुई है। दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके हरियाणा चुनाव 2024 में धांधली का आरोप लगाया था। उन्होंने भारतीय निर्वाचन आयोग की भूमिका पर सवाल उठाए थे। इस दौरान उन्होंने बिहार चुनाव में भी धांधली की आशंका जताई थी। शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए राहुल गांधी ने अपने पुराने आरोपों को दोहराया। राहुल गांधी ने कहा, मैंने जो फेक फोटो और फेक फोटोग्राफ के आरोप लगाए थे, उस पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। चुनाव आयोग ने इस पर कुछ नहीं बताया, जबकि भाजपा उसे बचाने का काम कर रही है और स्पष्ट जवाब नहीं दे रही है। मीडिया छोटे-छोटे उदाहरण को उठा रही है कि ब्राजील की औरत ने वोट किया, लेकिन जिसकी आईडी नहीं है, उसने कैसे वोट किया? दूसरी ओर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने पटना में पत्रकारों से बात करते हुए बिहार में इस बार महागठबंधन की सरकार आने का दावा किया। उन्होंने कहा, भाजपा वाले हमेशा कहते रहे हैं कि जब भी ज्यादा वोट पड़ता है तो एंटी-इनकंबेंसी का वोट होता है। उनके सारे नेताओं ने यह बात बोली है। उनके पुराने बयान लाइब्रेरी में देख लीजिए, लेकिन वे आज इससे पलट रहे हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा, ये सच्चाई है कि बिहार में एनडीए सरकार के खिलाफ जनक्रांति हुई है। युवाओं ने खूब वोट डाला है। बिहार में बेरोजगारी और सत्ताधारी दल में आपस की लड़ाई दिख रही है। बिहार में इस बार स्पष्ट रूप से महागठबंध के बहुमत की सरकार आ रही है। बिहार चुनाव के पहले फेज में गुरुवार को राज्य के 121 विधानसभा सीटों के लिए वोटिंग हुई। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार मतदान के मामले में बेगूसराय शीर्ष पर, जबकि शेखपुरा सबसे पीछे रहा।

ई-ऑफिस के सुचारू क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

रायपुर से पहुंचे अधिकारियों ने दी प्रशिक्षण

कोरिया बैकुंठपुर। शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिला पंचायत के मंथन कक्ष ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती दीपिका नेताम तथा जिला सूचना अधिकारी सुखदेव पटेल की उपस्थिति में रायपुर से ई ऑफिस कार्यालय से पहुंचे प्रशिक्षकों ने नोडल अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स सहित प्रशिक्षण में उपस्थित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान ई-ऑफिस के संचालन संबंधी सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों को ई-फाइल निर्माण, फाइल अग्रेषण, इनबॉक्स प्रबंधन, नई ड्राफ्ट फाइल तैयार करने, मसौदे की स्वीकृति एवं प्रेषण, फाइल क्लोजिंग, फाइल/रसीद जोड़ने एवं संलग्न करने जैसी प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रदर्शन कराया गया। साथ ही स्पैरो पोर्टल के माध्यम से वार्षिक कार्य निष्पादन प्रतिवेदन, गोपनीय प्रतिवेदन एवं अचल संपत्ति विवरण भरने की प्रक्रिया भी समझाई गई।

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती नेताम ने कहा कि शासन की मंशा सभी विभागों में कार्यप्रणाली को पूर्णतः डिजिटल और पारदर्शी बनाना है। ई-ऑफिस प्रणाली से न केवल कागज-रहित कार्य को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि निर्णय प्रक्रिया भी अधिक त्वरित और प्रभावी होगी। उन्होंने अधिकारियों- कर्मचारियों से प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और किसी भी शंका होने पर सम्बंधित अधिकारी से का समाधान प्राप्त करने का आग्रह किया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

13 सड़कों पर बी.टी. पैच कार्य को मिली मंजूरी, 23 किमी में कार्य पूर्ण

मनेन्द्रगढ़ संभाग अंतर्गत 265.82 लाख की स्वीकृति, शेष 109.20 किलोमीटर का कार्य दिसंबर 2025 तक होगा पूरा

कोरिया बैकुंठपुर । लोक निर्माण विभाग के मंत्री अरुण साव के निर्देश पर सड़कों का मरम्मत कार्य प्रारंभ किया गया है। लोक निर्माण विभाग संभाग मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत कोरिया जिले की सड़कों के संरक्षण एवं मरम्मत के लिए विभाग को 13 मार्गों, कुल लंबाई 132.30 किलोमीटर में बी.टी. पैच कार्य हेतु 265.82 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। विभाग ने इस स्वीकृति के बाद चरणबद्ध तरीके से मरम्मत कार्य की गति बढ़ा दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अमरपुर से चिरमिरी मार्ग (12 कि.मी.) एवं चोटिया से बैकुण्ठपुर मार्ग (11.10 कि.मी.), कुल 23.10 किलोमीटर में बी.टी. पैच कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इससे इन मार्गों पर आवागमन में सुधार हुआ है तथा स्थानीय जनता को राहत मिली है।

वहीं, अन्य शेष 109.20 किलोमीटर सड़कों पर बी.टी. पैच कार्य प्रगतिरत है। विभाग का कहना है कि निर्धारित योजना के अनुसार शेष कार्य को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।इस संबंध में कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, मनेन्द्रगढ़ ने बताया कि सड़क मरम्मत कार्यों की मानिटरिंग

नियमित की जा रही है, ताकि कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समय सीमा के भीतर पूरे हो सकें। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय एवं ग्रामीण सड़कों के बेहतर रख-रखाव से आम नागरिकों, किसानों, व्यापारियों और विद्यार्थियों की आवाजाही सुगम होगी।

वंदे मातरम के 150 वर्षः जिले में जनभागीदारी आधारित कार्यक्रमों की होंगी श्रृंखला शुरू

कोरिया बैकुंठपुर। राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150वीं वर्षगांठ वर्ष 2025-26 के अवसर पर भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार देशभर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन प्रारंभ होने जा रहा है। इस श्रृंखला के अंतर्गत कोरिया जिले में विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक गतिविधियों का संचालन चार चरणों में किया जाएगा। संस्कृति एवं राजभाषा विभाग द्वारा इसके लिए समस्त जिला कलेक्टरों को विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं।

07 नवंबर 2025 को इस अभियान को राष्ट्रीय शुरुआत होगी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संबोधन दूरदर्शन के माध्यम से सुबह 10 से 11 बजे तक प्रसारित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत प्रदेश एवं जिले के सभी कार्यालयों, विद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में सामूहिक 'वंदे मातरम्' गायन का आयोजन सुनिश्चित किया गया है।

प्रथम चरण 07 से 14 नवंबर 2025, द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026, तृतीय चरण 07 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान से संयोजित) तथा चतुर्थ व समापन चरण 01 से 07 नवंबर 2026 तक होंगी।इन चरणों में निबंध-वाद-विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला-रंगोली निर्माण, पोस्टर प्रदर्शनी, पुलिस एवं विद्यालय बैंडों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति, कवि सम्मेलन, मशाल रैली, संगोष्ठी तथा वंदे मातरम् विषयक लघु फिल्म प्रदर्शन सहित विविध गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। साथ ही वंदे मातरम् ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग बूथ स्थापित किए जाएंगे, जिनमें नागरिक अपनी आवाज में राष्ट्रगीत गाकर पोर्टल vandemataramv2@.in पर अपलोड कर सकेंगे।

वंदे मातरम् @ 150 अभियान के तहत जिले में 07 नवंबर से 26 नवंबर (संविधान दिवस तक) जन-भागीदारी आधारित कार्यक्रम आयोजित करेगी। जिले के नगर पालिका, ब्लॉक मुख्यालयों, विद्यालयों और महाविद्यालयों में क्रमवार सामूहिक वंदे मातरम् गायन, स्वदेशी संकल्प, प्रदर्शनी, ऐतिहासिक संदर्भों पर संगोष्ठी, तथा निबंध-चित्रकला-रील प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी।

रोजगार दिवस पर ग्रामीणों को दिए गए प्रकृति संरक्षण के संदेश

कोरिया बैकुंठपुर। कोरिया जिले की सभी ग्राम पंचायतों में आज महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत ग्राम रोजगार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों द्वारा ग्रामीणों एवं पंजीकृत श्रमिकों को प्रकृति के अनुकूल कार्यों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान यह बताया गया कि हमें अपनी दैनिक गतिविधियों में ऐसी सावधानी बरतनी चाहिए जिससे हमारे पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। विशेष रूप से जल संरक्षण हेतु छोटे-छोटे प्रयास जैसे सोख्ता गड्ढे, वर्षा जल संचयन और मिट्टी-नमी संरक्षण जैसी तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया गया।

ग्राम रोजगार दिवस कार्यक्रम में श्रमिकों को मनरेगा के तहत स्वीकृत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन से जुड़े कार्यों जैसे जल संरक्षण, भूमि सुधार, नाला एवं खेत तालाब निर्माण, जल संवर्धन तथा भूमिगत जल स्तर बढ़ाने वाले कार्यों के प्रभाव और उपयोगिता से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यदि भूमिगत जल का अनावश्यक दोहन जारी रहा, तो भविष्य में पेयजल एवं सिंचाई जल संकट गहरा सकता है। वहीं यदि आज ही जल संरक्षण के छोटे-छोटे कदम उठाए जाएँ तो आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

ग्राम पंचायतों में आयोजित इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में पंजीकृत श्रमिक, ग्रामीण महिलाएँ, पुरुष, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय प्रबुद्धजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

कोरिया अमृत ब्रांड ने राज्योत्सव में बढ़ाई स्थानीय उत्पादों की चमक

कोरिया बैकुंठपुर। कोरिया जिले में 2 से 4 नवम्बर तक आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव समारोह में 'चौकल फॉर लोकल' की अवधारणा को नई ऊर्जा मिली। जिला पंचायत कोरिया के अंतर्गत विहान योजना से जुड़ी स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने 'कोरिया अमृत' ब्रांड के उत्पादों के माध्यम से अपनी व्यवसायिक पहचान को और अधिक मजबूत किया। इस दौरान महिला समूहों के स्टॉलों पर ग्राहकों की उल्लेखनीय भीड़ रही और उत्पादों की अच्छी-खासी बिक्री हुई।

राज्योत्सव में कोरिया अमृत मोदक, कोरिया अमृत आचार, मिलेट्स कैफे, गढ़ कलेवा, महिला युग एफ.पी.सी. के कृषि उत्पाद, टेराकोटा कला, बांस हस्तशिल्प तथा वंदना मसाला जैसे स्थानीय एवं पारंपरिक उत्पाद आकर्षण का केंद्र बने। विहान महिला समूहों द्वारा लगाए गए कुल छह स्टॉलों पर स्थानीय

स्वाद और ग्रामीण हुनर का सुंदर संगम दिखाई दिया।

रोशनी महिला समूह (मिलेट्स कैफे) 75 हजार रुपए, प्रगति महिला समूह (कोरिया अमृत आचार) 48 हजार रुपए, ज्योति महिला समूह (कोरिया अमृत मोदक) 35 हजार रुपए, वंदना महिला समूह (वंदना मसाला) 28 हजार रुपए, महिला युग एफ.पी.सी. (कृषि उत्पाद) 20 हजार रुपए, कर्मा एफ.पी.सी. (कर्मा उत्पाद) 12 हजार रुपए, के.वी.के. किसान समूह (कृषि प्रदर्शन) 5 हजार 600 रुपए, माँ वैष्णव महिला समूह (टेराकोटा) 6 हजार 200 रुपए बांस कला हस्तशिल्प (शिल्प उत्पाद) 2 हजार 690 रुपए इस तरह कुल 2 लाख 32 हजार 490 रुपए की बिक्री हुई।

यह उपलब्धि निश्चित ही ग्रामीण महिलाओं की मेहनत, कौशल और सामूहिक प्रयास उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बना रहे हैं। 'कोरिया अमृत' ब्रांड की पहचान अब जिले से आगे बढ़कर राज्य स्तर पर भी मजबूत हो रही है। जिला कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. अशुतोष चतुर्वेदी के सतत प्रयासों से बिहान से जुड़ी महिलाएँ 'लखपति दीदी' बनने की दिशा में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं।

बिहान समूह की महिलाओं ने राज्योत्सव में स्टॉल आवंटन एवं सहयोग के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

सूरजपुर में साइबर सुरक्षा संवाद अभियान

सूरजपुर। साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने एवं बचाव के उपाय से अवगत कराने के लिए सूरजपुर पुलिस ने साइबर सुरक्षा संवाद कार्यक्रम के तहत गुरुवार, 06 नवम्बर 2025 को जरही के मनोरंजन गृह में साइबर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर, जीएम भटगांव माधव बोबडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा, मंत्री प्रतिनिधि श्री ठाकुर प्रसाद राजवाड़े ने साइबर फ्राड से बचाव के उपाए बताए तो वहीं साइबर फ्राड के पीड़ितों ने भी अपनी आपबीती शेयर कर लोगों को साइबर ठग के झांसे में न आने के लिए जागरूक किया।

इस अवसर पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि साइबर अपराध से बचाव का सबसे बड़ा जरिया सतर्कता और सावधानी है, आप समझे कि आपको फोन पर लोन दिलाने या लाटरी लगने के नाम पर फोन कर कोई व्यक्ति पैसा मांगता है तो वह साइबर फ्राड है, ऐसी किसी भी जाल में न फंसे। साइबर अपराधी आजकल फोन कॉल, ईमेल, व्हाट्सएप, सोशल मीडिया और फर्जी लिंक के माध्यम से लोगों की बैंक डिटेल्स, ओटीपी या निजी जानकारी हासिल कर ठगी करते हैं इनसे बचे। उन्होंने बैंक खाते या एटीएम से जुड़ी जानकारी किसी के साथ साझा न करने और संदिग्ध कॉल या मैसेज की शिकायत तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करने को कहा।

जीएम भटगांव माधव बोबडने इस बात पर जोर दिया कि जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने परिजनों, विशेषकर बुजुर्गों और बच्चों को भी डिजिटल सुरक्षा के प्रति सचेत करें। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा और मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर प्रसाद राजवाड़े ने बताया कि ऐसे अभियानों को लगातार सहयोग दें ताकि हर नागरिक सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपना सके। जीएम पर्यावरण मनोज अग्रवाल, जेसीसी मेंबर विष्णु साहू ने बताया कि उन्हें भी साइबर फ्राड ठगी का शिकार बनाने की कोशिश किया किन्तु सतर्कता और सूझबूझ से वे ठग के झांसे में आने से बच गए।

मतदाता ध्यान दें- जिले में एसआईआर शुरू, बीएलओ पहुंच रहे घर-घर

कोरिया बैकुंठपुर। जिले के बैकुंठपुर एवं सोनहत विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान 04 नवंबर 2025 से प्रारंभ हो गया है। जिले भर के सभी मतदान केंद्रों के बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) वितरित किए जा रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने इस एसआईआर के तहत पुनरीक्षण के लिए 1 जनवरी 2026 की तिथि को अहेता तिथि निर्धारित किया है। नागरिकों को अपने फॉर्म भरने के लिए एक महीने का समय दिया गया है। 4 नवंबर 2025 से 4 दिसम्बर 2025 तक ये गणना प्रपत्र भरे जाएंगे।

बैकुंठपुर तथा सोनहत तहसील के विभिन्न गांवों में बीएलओ के माध्यम एसआईआर प्रपत्र वितरण कर रहे हैं, बीएलओ के द्वारा प्रपत्र भरने में मदद भी कर रहे हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी पात्र नागरिकों से इस एसआईआर में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। उन्होंने सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि वे मतदाता सूची में अपने नाम का सत्यापन अवश्य कराएं। यह विशेष पुनरीक्षण अभियान मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित किया जा रहा है।

फॉर्म भरने की प्रक्रिया और सहायता,

नागरिक एसआईआर के लिए दो तरीकों से गणना प्रपत्र जमा कर सकते हैं। वे अपने मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से ऑफलाइन गणना प्रपत्र भरकर जमा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, मतदाता अपने मोबाइल फोन पर ईसीआईनेट ऐप वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भी गणना प्रपत्र भर सकते हैं।

फॉर्म भरने में किसी भी तरह की कठिनाई होने पर

मतदाताओं की सहायता के लिए टोल-फ्री नंबर 1950 उपलब्ध है। मतदाता अपने बूथ लेवल अधिकारी से भी सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। एक और सुविधा के रूप में, मतदाता ECINET मोबाइल ऐप से बुक ए काल विथ बीएलओ के माध्यम से अपने बूथ लेवल अधिकारी से सीधे तौर पर संपर्क करने के लिए अनुरोध कर सकते हैं। मतदाताओं को एन्यूमरेशन फॉर्म भरने में कोई परेशानी न हो, इसे ध्यान में रखते हुए जिला एवं तहसील स्तर पर हेल्प डेस्क एवं आईटी डेस्क भी स्थापित किए गए हैं। इन डेस्क पर कार्यालयीन समय पर अधिकारी-कर्मचारी मतदाताओं की सहायता के लिए उपस्थित रहते हैं।

जिले में एसआईआर के तहत 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक गणना प्रपत्र भरे जाएंगे। इसके बाद, 9 दिसंबर 2025 को मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। मतदाता सूची के मसौदे पर 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक दावा- आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी सुनवाई और सत्यापन करके 9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक इन दावा-आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। अंत में, 7 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा.

ठंडी हवाओं से पारा गिरा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में ठंड बढ़ने लगी है। अगले तीन दिन में टेम्प्रेचर और गिरेगा। मौसम विभाग के मुताबिक 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है। दरअसल, उत्तर दिशा से ठंडी हवाएं आने लगी हैं, जिससे तापमान में गिरावट की संभावना बनी हुई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे मौसम में मलेरिया फैलने का खतरा भी बढ़ सकता है। यह खतरा 11 नवंबर तक बना रह सकता है। पिछले कुछ दिनों से रायपुर में दिन का तापमान लगातार प्रदेश में सबसे ज्यादा रहा है। वहीं सूरज ढलते ही तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। ऐसे में ऑफिस जाने वाले, स्कूली बच्चों को गर्म कपड़े साथ रखने चाहिए। ताकि अचानक तापमान गिरने का असर तबीयत पर न पड़े। पिछले 24 घंटों में भी प्रदेश में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 31.5°C रायपुर में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 13.4एष्ट अंबिकापुर में रिकॉर्ड किया गया।

जनशक्ति, संस्कृति और विकास का संगम रजत जयंती राज्योत्सव का भव्य समापन

मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने 2047 तक पूर्ण विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प दोहराया

एमसीबी। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2025 का रजत जयंती समापन अद्भुत उत्साह, सांस्कृतिक भव्यता और जनभागीदारी के साथ सम्पन्न हुआ। पूरे आयोजन स्थल में लोककला, परंपरा, विकास और गौरव का जीवंत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को विशेष रूप से बढ़ाया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि—रजत जयंती केवल उत्सव नहीं, यह छत्तीसगढ़ की विकास-गाथा और जनता के परिश्रम का उत्सव है। हमारा लक्ष्य 2047 तक छत्तीसगढ़ को पूर्ण विकसित और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में स्थापित करना है। मंत्री श्री जायसवाल ने आगे कहा कि सरकार आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के माध्यम से निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को हर नागरिक तक पहुँचा रही है। उन्होंने जिले में शीघ्र ही स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत करने की भी घोषणा की। इससे पूर्व कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने रखी जिले की विकास गाथा, कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने स्वागत भाषण में कहा कि एमसीबी जिला वर्ष 2022 में गठन के बाद से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सड़क, पर्यटन और आजीविका मिशन में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है।

सोनहत के वनांचल में खराब सोलर प्लांटों से पसरा अंधेरा

सांसद प्रतिनिधि,पाठक ने जिला प्रशासन से मरम्मत कराने की मांग

कोरिया बैकुंठपुर। सोनहत क्षेत्र के रामगढ़ उज़ायकी आनंदपुर रावत सरई पत्थर गवां जैसे कई वनां चल गांवों में पिछले कई महीनों से सोलर प्लांट खराब पड़े हैं, जिससे ग्रामीण अंधेरे में जीवन जीने को मजबूर हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए, सांसद प्रतिनिधि ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से इन खराब पड़े सोलर प्लांटों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है।

समस्या का विवरण

क्षेत्र के जिन गांवों में बिजली की लाइन नहीं पहुंची थी, वहां वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर

छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (क्रेडा) द्वारा सोलर प्लांट और घरेलू सोलर लाइटें लगाई गई थीं। शुरुआत में इन प्लांटों से गांवों में रोशनी की उम्मीद जगी थी, लेकिन देख रेख और रखरखाव के अभाव में ये प्लांट खराब हो गए। कई जगहों पर तो ये सोलर सिस्टम केवल शोपीस बनकर रह गए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि शाम ढलते ही पूरे गांव में अंधेरा छा जाता है, जिससे दैनिक जीवन के कार्य प्रभावित होते हैं और सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी बढ़ जाती हैं। विशेषकर बरसात के मौसम में राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

सांसद प्रतिनिधि की मांग

मामले की गंभीरता को देखते हुए, सांसद प्रतिनिधि ने जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें हर घर तक बिजली पहुंचाने का दावा कर रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। उन्होंने मांग की संबंधित विभाग (क्रेडा) इन खराब पड़े सोलर प्लांटों का तत्काल सर्वे कर, उनकी मरम्मत या बदलने की कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि ग्रामीणों को अंधेरे से मुक्ति मिल सके।

शिक्षा विभागः दो अफसरों का तबादला

रायपुर। शिक्षा विभाग में दो अधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी गई है। इनमें राकेश पांडेय को डीपीआई में उप संचालक बनाया गया है। पांडेय अब तक जगदलपुर में संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय में प्रभारी संयुक्त संचालक थे।। एचआर सोम को जगदलपुर में प्रभारी संयुक्त संचालक की जिम्मेदारी दी गई है। वे अब तक डीपीआई में उप संचालक थे। मंत्रालय से स्कूल शिक्षा विभाग ने यह आदेश जारी किया है।

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

सतत् प्रगति पथ पर

छत्तीसगढ़

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

बस्तर में बदलाव की बयार

- बस्तर में नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार
- बस्तर में 24,000 करोड़ का निवेश विकास की नई उड़ान
- जांगला (बीजापुर) देश का पहला हेल्थ वेलनेस सेंटर, आयुष्मान भारत की सौगात
- नगरनार स्टील प्लांट राष्ट्र को समर्पित
- रावघाट जगदलपुर नई रेल लाइन परियोजना से विकास को नई रफ्तार
- 50,000 करोड़ की बोधघाट बहुउद्देशीय परियोजना बिजली, सिंचाई, रोजगार और पेयजल का मिलेगा लाभ

महिलाओं का सम्मान

- 70 लाख माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना का लाभ
- 36 लाख महिलाओं को उज्जवला गैस कनेक्शन
- आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार के लिए सभी पंचायत में 'महतारी सदन' का निर्माण

बेहतर भविष्य की आधारशिला

- राजधानी रायपुर में एशिया की सबसे बड़ी मानव निर्मित जंगल सफारी
- भिलाई इस्पात संयंत्र का आधुनिकीकरण व आईआईटी भिलाई की आधारशिला
- 30 हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता का विकास
- 32 हजार मेगावाट क्षमता के बिजली घरों के लिए एमओयू

कृषक कल्याण

- छत्तीसगढ़ के किसानों को धान का सर्वाधिक दाम
- 20 माह में 1.25 लाख करोड़ सीधे किसानों के खाते में
- 26 लाख किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि

आवास और सामाजिक सुरक्षा

- 26 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास
- 40 लाख से अधिक परिवारों को स्वच्छ पेयजल
- राज्य के शत्-प्रतिशत् गांवों का विद्युतीकरण
- खनिज क्षेत्रों में विकास हेतु डीएमएफ फंड की सौगात

सुगम आवागमन

- 47,000 करोड़ की रेल परियोजनाओं का क्रियान्वयन
- 32 रेल्वे स्टेशनों का वर्ल्ड क्लास उन्नयन
- 40 हजार करोड़ से अधिक लागत से राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास
- रायपुर-विशापट्टनम एवं रायपुर-रांची-धनबाद एक्सप्रेस-वे
- जगदलपुर-रायपुर व अंबिकापुर-रायपुर हवाई सेवा प्रारंभ

जनजातीय सशक्तिकरण

- पीएम जनमन योजना 59 हजार परिवार लाभान्वित व 2,449 किमी सड़कें स्वीकृत
- धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान 6,691 ग्राम लाभान्वित

S-45738/1

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

सुशासन से समृद्धि की ओर

Visit us : ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

प्रदेश अध्यक्ष टिकरिहा का होगा स्वागत

कोरबा। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का 10 नवंबर को प्रथम कोरबा आगमन हो रहा है। वे पाली मार्ग से कोरबा आएंगे। उनका कार्यकर्ताओं के द्वारा जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। स्वागत की तैयारियों को लेकर आज भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की एक बैठक रखी गई है। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पंकज सोनी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देंगे। राहुल टिकरिहा का पाली में सबसे पहले मुकेश कौशिक के नेतृत्व में स्वागत किया जाएगा। इसके बाद कटघोरा में किशन केशरवानी, जय गर्ग, अनुराग दुहलानी के नेतृत्व में स्वागत होगा। कोरबा में सुभाष राठौर, हिमांशु पांडेय, साकेत शर्मा, संजय मानिकपुरी, दिव्यांश अग्निहोत्री सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया जाएगा। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पंकज सोनी कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उन्हें जिम्मेदारी सौंपते हुए अन्य कई जानकारियां देंगे। राहुल टिकरिहा के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में व्यापक उत्साह है। काफी दिनों से कार्यकर्ता श्री टिकरिहा के आगमन की तैयारी कर रहे थे।

महंत का होगा स्वागत

कोरबा। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत रामपुर विधानसभा क्षेत्र के बेंदरकोना से होते हुए जांजगीर जाएंगे। इनके साथ वरिष्ठ नेता हरीश परसाई, जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान भी रहेंगे। बेंदरकोना पहुंचने पर श्री महंत का लखन लहरे, प्रवीण ओगरे, गणेश बघेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया जाएगा।

प्रतिनिधि मंडल मिलेगा मंत्री देवांगन से

कोरबा। आज छुरी नगर पंचायत की अध्यक्ष पद्मिनी देवांगन के नेतृत्व में विकास कार्यों को लेकर प्रदेश के मंत्री लखनलाल देवांगन से मुलाकात कर और विकास कार्यों पर चर्चा करेंगे। छुरी में कई विकास कार्य किए जा रहे हैं। खासकर कई भवनों का निर्माण छुरी में होगा। पशु चिकित्सालय के निर्माण के लिए भी तैयारी हो रही है। नल-जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने का कार्य हो रहा है। प्रतिनिधि मंडल में विधायक प्रतिनिधि प्रीतम देवांगन, उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी, कांति श्रीवास, नमिता यादव, रमेश श्रीवास, टिकैत डोंगरे, श्यामलाल साहू सहित सभी पार्षद अपनी बातों को रखेंगे।

कार्यसमिति की बैठक 10 को

कोरबा। भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन कोरबा, कुसमुंडा कार्यसमिति की बैठक 10 नवंबर को जेपी कालोनी में आयोजित की गई है। इस बैठक में अध्यक्ष हिरेंद्र चंद्रा व महामंत्री रंजय सिंह तीन महीने में किए गए कार्यों की जानकारी लेंगे। सभी इकाई के अध्यक्ष व सचिव किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए अन्य समस्याओं को भी सामने रखेंगे। खासकर कुसमुंडा में सड़क निर्माण सहित कई मामले हैं। इस बैठक में शैलेंद्र सिंह, ललिंद्र पवार, संजय सिंह, भुवनेश्वर कश्यप, अमिया मिश्रा, बाबूलाल चंद्रा, राजेंद्र यादव, राहुल वर्मा, अशोक सूर्यवंशी, दादूलाल राठौर, उत्तम कुलदीप सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल होंगे।

***कोरबा।** चांपा मार्ग पर गौमाता चौराहा के आसपास जर्जर सड़क को ठीक करने के पेचवर्क शुरू कराया गया है।

कई बाइक पार, बिना नंबर की गाड़ियों की धरपकड़ तेज

विभिन्न थाना चौकी क्षेत्र में पुलिस का अभियान जारी

कोरबा। शहर और अन्य क्षेत्र में पिछले एक महीने के भीतर रिकॉर्ड संख्या में दुपहिया गाड़ियों की चोरी की घटनाएं हुई। इस वजह से पुलिस के सामने एक तरह से चुनौती खड़ी हो गई। अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस की टीम ने अब सभी क्षेत्रों में बिना नंबर की गाड़ियों की धर पकड़ तेज की है। 2 दिन तक इस कार्रवाई को किया जाना है। इसमें बाइक से लेकर ट्रैक्टर और सभी प्रकार के वाहनों को निशाने पर लिया जा रहा है।

1 महीने के भीतर अलग-अलग स्थान से आम लोगों के अलावा कर्मचारी और मजदूरों की दुपहिया गाड़ियों को चोरों ने निशाना बनाया और उनकी परेशानी बढ़ा दी। पीड़ित पक्ष के द्वारा थाना और चौकी में इस बारे में रिपोर्ट दर्ज कराई गई और अपनी चोरी हुई गाड़ी की खोजबीन करने का आग्रह किया। ऐसी घटनाओं में पुलिस के द्वारा अपराध रजिस्टर्ड करने के साथ आगे कार्रवाई की जा रही है। खबर के अनुसार कुछ फीडबैक प्राप्त होने पर पुलिस ने सभी क्षेत्रों में अभियान को हाथ में लिया है। आज सुबह से पुलिस विभिन्न क्षेत्र में सक्रिय नजर आई। फिलहाल इसका फोकस बिना नंबर प्लेट वाली सभी प्रकार की दुपहिया गाड़ियों पर है जो धड़ले से सड़कों पर चल रही है। घटनाएं जिस अंदाज में हुई है, उससे संभव है कि इस अवधि में चोरों ने अपने स्तर पर इस प्रकार की गाड़ियों में कुछ बदलाव भी कर लिया हो। इसलिए बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ियों को देखने के साथी उन्हें कब्जे में लेने का काम पुलिस कर रही है। पुलिस के एकाएक अभियान शुरू करने से संबंधित क्षेत्र में उन चालकों में हड़कंप देखी गई जिन्होंने किसी भी कारण से नंबर प्लेट को आगे पीछे लगाने से परहेज किया। ऐसे में या तो भी पकड़े गए या फिर जानकारी होने पर आधे रास्ते से रूट डायवर्ट कर भागते नजर आए। पुलिस ने बनाएगी आज से इस अभियान को प्रारंभ किया गया है । 2 दिन में दिव्या क्षेत्र में इस अभियान के दौरान ऐसी गाड़ियां पकड़ में आने पर दुपहिया चोरी से संबंधित विभिन्न मामलों के बारे में न केवल क्लू मिल सकेंगे बल्कि उनका खुलासा किया जा सकेगा।

रेत परिवहन में लगे ट्रैक्टर भी पकड़े गए

आज के इस विशेष अभियान में सबसे खास बात यह देखने को आएगी अब पुलिस की दृष्टि में रेत का परिवहन करने वाले ट्रैक्टर भी आए हैं जो विशेष कारण से आगे पीछे नंबर प्लेट नहीं लगते हैं और अपना काम साहसिक तरीके से करते हैं। सीएसईबी पुलिस, मानिकपुर और कुसमुंडा क्षेत्र में ऐसी गाड़ियों पर कार्रवाई की गई। सबसे हैरानी की बात यह है कि जिन ट्रैक्टर के माध्यम से रेट चोरी व तस्करी का काम किया जा रहा है उनके बगल के हिस्से में कृषि कार्य हेतु लिखा गया है। सवाल उठता है कि कृषि से संबंधित कौन से काम में रेत का उपयोग होता है और परिवहन विभाग से लेकर प्रशासन ऐसे मामलों को लेकर लंबे समय से आंख मूंदे हुए हैं।

महंगी गाड़ियों में नंबर की जगह जय श्री राम

ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी के द्वारा वाहनों के पंजीकरण नंबर को लेकर कई प्रकार के नियम लागू किए हैं और यह सभी के लिए एक समान बंधानकारी है। खाने का मतलब यह है कि गाड़ियों का उपयोग करने वाला व्यक्ति अपने वाहन में निर्धारित स्टैंडर्ड के हिसाब से नंबर प्लेट लगाएगा ही। ऐसा इसलिए ताकि पारदर्शिता का सिद्धांत सभी को नजर आए। लेकिन कोरबा के मामले में इस नियम के साथ खिलवाड़ होता नजर आ रहा है। लाखों कीमत की धार से लेकर कई ऐसी गाड़ियों में नंबर प्लेट नहीं लगाने का फैशन सा हो गया है। इतना जरूर है कि इसके स्थान पर जय श्री राम और दूसरे स्लोगन लिख दिए गए हैं। इससे क्या साबित होता होगा यह गाड़ी मालिक के अलावा और कोई नहीं जान सकता लेकिन हैरानी इस बात की है कि लगातार इस तरह की गाड़ियां कोरबा की सड़कों पर नजर आ रही है।

बोतली में गजराज बना यमराज हमले में एक युवक की मौत

फसल की रखवाली करने जा रहा था खेत

कोरबा। जिले के कोरबा वनमंडल अंतर्गत करतला रेंज में हाथी-मानव द्वंद में एक युवक की मौत हो गई। वह अपने फसल की रखवाली करने खेत जा रहा था, तभी यमराज बनकर अचानक पहुंचे एक गजराज ने उस पर हमला कर दिया, जिससे उसके प्राण पखेरू उड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार हाथी-मानव द्वंद की यह घटना कोरबा वनमंडल के करतला रेंज अंतर्गत बोतली गांव में रात एक बजे के लगभग घटित हुई। बताया जाता है कि यहां के निवासी शिव नारायण पिता बंकट सिंह कंवर 36 वर्ष नामक युवक रात में अपने फसल की रखवाली करने खेत जा रहा था तभी उसका सामना आमाबाड़ी के पास एक विशालकाय हाथी से हो गया। हाथी ने युवक को देखते ही हमला कर दिया। हाथी के हमले में युवक की मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर मृतक के परिजनों द्वारा वन विभाग को सूचित किया गया, जिस पर उसके अधिकारी व कर्मचारी आज सुबह मौके पर पहुंचे और मृतक के शव का पंचनामा कराने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक मृतक के परिजनों को विभाग की ओर से तत्कालिक सहायता राशि रूपए 25 हजार दे दी गई है। वन प्राणियों के हमले में जन क्षति पर शासन की ओर से 6 लाख रुपए दिए जाने का प्रावधान है, सो विभाग सभी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद शेष राशि 5 लाख 75 हजार रुपए शीघ्र ही प्रदान करेगा। ज्ञात रहे करतला रेंज में 38 हाथियों का दल विगत सप्ताह से विचरण कर रहा है। हाथियों का दल अब तक पीड़िया व उसके आसपास मंडरा रहा था और खेतों में पहुंचकर फसलों को लगातार नुकसान पहुंचा रहा था, लेकिन बीती रात यह दल आगे बढ़कर बोतली जंगल पहुंच गया और वहां डेरा डालने के बाद दल में से एक हाथी अलग होकर गांव के निकट पहुंच गया और घटना को अंजाम दे दिया। करतला रेंज में हाथी के हमले में एक माह के भीतर जन क्षति की यह दूसरी घटना है। इससे पहले रेंज के रामपुर सर्किल में हाथी ने मानसिक रूप से अस्वस्थ एक व्यक्ति की जान ले ली थी।

संख्या का दबाव बढ़ने से कंकालिन मंदिर पर बनेगी एक और फ्लोर, जलेंगे कलश

कोरबा। समय की जरूरत और लोगों की संख्या में बढ़ोतरी को देखते हुए दादरखुर्द स्थित कंकालिन मंदिर में एक नया हाल तैयार किया जा रहा है। अगले वर्ष से नवरात्र पर ज्योति कलश इसी स्थान पर प्रज्वलित किए जाएंगे। इसके लिए ड्राइंग डिजाइन संबंधित कार्य कर लिया गया है।

लंबे समय से यहां पर वर्ष के दोनों नवरात्रि में ग्राउंड फ्लोर में ज्योति कलश प्रज्वलित जाते रहे हैं। कुछ समय तक यह संख्या सीमित रही इसलिए यहां पर काम आसानी से चल जाया करता था। लेकिन हाल के वर्षों में संख्या में बढ़ोतरी होने से चुनौतियां सामने आ रही है और दूसरे विकल्प अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। हर स्तर से प्राप्त सुझाव और भविष्य की जरूरत को पूरा करने के लिए प्रबंधन समिति ने तय किया है कि जल्द ही मुख्यमंत्री के ऊपर फर्स्ट फ्लोर का निर्माण कराया जाएगा। इसके किनारे में वर्षों पुराना एक पेड़ है जिसे काटे बिना ही निर्माण की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। ताकि काम भी हो जाए और पर्यावरण को भी किसी प्रकार से नुकसान न पहुंचे। पुरोहित ने बताया कि इस कार्य के लिए धर्मार्थ भाव रखने वाले लोग स्वेच्छा से सहयोग कर रहे हैं।

ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम ने की संयुक्त कार्रवाई

मनमाने पार्किंग पर सख्ती का बनाया मन

कोरबा। कोरबा क्षेत्र में ट्रैफिक को व्यवस्थित करने के लिए लगातार एक्शन लिया जा रहा है। इंदिरा स्टेडियम से सीएसईबी चौराहा और प्रातकाल बाईपास पर व्यवस्था को बिगाड़ने में कई वाहन चालक अपनी भूमिका निभा रहे हैं। उनके ऐसे इरादों से आवागमन में काफी मुश्किल हो रही है और लोग परेशान हो रहे है।

ट्रैफिक पुलिस और नगर पालिका निगम की ओर से कार्रवाई करते हुए ऐसे वाहनों को हटाया गया। कार्रवाई में निगम के अपर आयुक्त अविनाश पटेल, ट्रैफिक पुलिस से सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर और कांस्टेबल रघुवीर संतोष देवांगन, सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव व पुलिसकर्मी अरुण भट्टपहरे, मार्बल ने सहयोग दिया। पुलिस ने कहा कि समस्यामूलक क्षेत्रों की जानकारी निरंतर हमारे पास आ रही है। इन पर ध्यान देने के साथ एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है और कार्रवाई की जा रही है। मुख्य मार्गों से लेकर दूसरे क्षेत्रों में मनमानी पार्किंग अथवा ऐसी कोई हरकत न हो जिसके लिए हमें कठोरता करनी पड़े।

याद रहे इससे पहले सीएसईबी चौक से स्टेडियम जाने वाले मार्ग पर बनी समस्याओं को देखते हुए चौड़ीकरण कराया गया और रास्ते पर डिवाइडर की व्यवस्था बनाई गई। डेढ़ करोड़ रुपए इस काम पर खर्च किए जा रहे हैं। तय किया गया है कि सड़क को अनावश्यक रूप से घेरने और मनमाना उपयोग करने के मामलों में सख्ती के साथ अब पेनाल्टी भी की जाएगी। इससे पूर्व कई इलाकों में ऐसी गाड़ियों की जब्ती करने के साथ उन्हें राजसात किया गया है।

मुड़ापार बेरियर के पास अपशिष्ट का अवैध डपिंग, सांस लेना हुआ मुश्किल

कोरबा। किसी भी तरह के अपशिष्ट के निस्तारण के लिए नगर पालिक निगम कोरबा ने कुछ विशेष स्थानों को चिन्हित कर वहां डंपिंग यार्ड की व्यवस्था बनाई है। इसके बावजूद साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के पूर्व क्षेत्रीय मुख्यालय जाने वाले मार्ग पर मुड़ापार बैरियर के पास मुर्गियों और अन्य जानवरों का अपशिष्ट अवैध रूप से दबाया जा रहा है।

इससे क्षेत्र में उठ रही तेज दुर्गंध अब स्थानीय स्वास्थ्य के लिए खतरा बन गई है। एसईसीएल की पाइपलाइन इसी मार्ग से कुछ ही दूरी पर गुजरती है, और उसके बिलकुल पास ही यह अवैध डंपिंग लगातार की जा रही है। प्रतिदिन मुर्गियों की टांगें, पंख, और अन्य हिस्से यहां फेंके जा रहे हैं। इस गंदगी को फेंकने के बाद कारोबारी वर्ग अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। डंपिंग साइट के पास कैरियर पब्लिक स्कूल और घनी बस्ती स्थित है। इस इलाके से दिन-रात लोग गुजरते हैं, लेकिन तेज सड़ांध के कारण उन्हें नाक-मुंह ढककर ही रास्ता पार करना पड़ता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस दुर्गंध से उनका सांस लेना दूभर हो गया है। इससे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं पैदा हो रही हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

एसईसीएल कर्मचारी राजकुमार ठाकुर कहा कहना है कि एसईसीएल क्षेत्रीय मुख्यालय से ट्रांसपोर्ट नगर चौराहा जाने वाले इस रास्ते पर मंत्री से लेकर अधिकारी कहना जाना होता है। यह संभव है कि चार पहिया एयर कंडीशन गाड़ी में उन्हें दुर्गंध का पता नहीं चलता होगा लेकिन लोगों से जानकारी जरूर मिलती होगी। आखिर इस समस्या का समाधान करने के साथ कार्रवाई करने का विचार आखिर कब आएगा

नाक बंद करने की मजबूरी

इस रास्ते से मेरा हर दिन आना-जाना होता है। बाजार और बैरियर के पास पहुंचने से पहले ही हर हाल में मुंह और नाक का विशेष ध्यान देना पड़ता है ताकि इस रास्ते को जितनी जल्द हो सके पार किया जा सके। पाइपलाइन के पास अवैध डंबिंग से उठने वाली दुर्गंध केवल मुझे ही नहीं बल्कि कुछ हर आने आने वाले व्यक्ति को परेशान करती है जिनके लिए यह रास्ता एक विकल्प है।

-सिमरन कौर, नागरिक

पक्षियों के मंडराने से दिक्कत

मेरी शिकायत इस बात को लेकर अक्सर रही है कि इस मार्ग पर अवैध डंपिंग की वजह से जहां दुर्गंध सबसे बड़ी समस्या है वही इलाके में जीव जंतुओं के कटे-फटे हिस्से फेंक देने से उसे अपने कब्जे में लेने के लिए आकाशीय पक्षी चक्कर लगाते रहते हैं। वह कब किस पर हमला कर दे या राह चलते लोग पर सड़ी गली चीज फेंक दे, इस बात का डर बना रहता है।

-मेघा चौहान, छात्रा

पीएम आवास नहीं मिला तो सीतामणी क्षेत्र की खाली जमीन को हथियाने का दिखाया हौसला

कोरबा। नगर के सीतामढ़ी क्षेत्र में खाली पड़ी सरकारी जमीन को हड़पने के लिए प्रतियोगिता सी चल पड़ी है। इसके लिए अलग-अलग तरीके से जमीन की घेराबंदी की जा रही है ताकि इस पर अपना दावा किया जा सके। समय के साथ जमीन हड़पने वालों की संख्या में तेजी आ रही है। इस प्रकार की कारगुजारी करने वाले लोगों के पास अपने गजब के तर्क हैं।

कोरबा में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के हेलीपैड के नजदीक ग्रीन बेल्ट का बड़ा हिस्सा पहले ही अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुका है और अब जो दूसरे क्षेत्र बचे हुए हैं उनकी बारी आ गई है। कोरबा के सीतामढ़ी क्षेत्र में इन दोनों जमीनों को अपना बनाने के लिए कुछ इसी प्रकार का काम चल रहा है। मौके की साफ सफाई के साथ रस्सी और दूसरे संसाधन से जमीन की घेराबंदी की जा रही है।

यहां पर कुछ लोग अपने काम में व्यस्त नजर आए। उनसे पूछताछ करने पर मालूम चला कि उनकी अपनी जरूरत है इसलिए यह सब करना पड़ रहा है। लोगों की शिकायत है कि उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन किया लेकिन कोई परिणाम नहीं आ सके। ड्ड4ह्ल

हालांकि कोरबा में अतिक्रमण के मामलों में निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए कार्य योजना भी बनाई गई है और फिर इसका क्रियान्वयन किया जा रहा है। एक बात और है कि अतिक्रमण से संबंधित मामलों में कई प्रकार के आप लंबे समय से लगते रहे हैं और कई बार इनका सच भी उजागर हुआ है।

फ्लैट बेचना है

बुधवारी बाजार घंटाघर रोड स्थित पावर हाइट सोसायटी में 3 बीएचके सेमी फर्निश्ड फ्लैट बेचना है।

संपर्क करें

8770934804

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com